

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी ...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत





सामूहिक श्रमदान से ...

■ वर्ष 30 अंक 302 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर शनिवार 03 मई 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# दिग्गज बैठे तीन...रणनीति की बजी बीन

## एक मंच पर पीएम मोदी, थरूर और सीएम विजयन, पीएम बोले यह इवेंट कई लोगों की नींद हराम कर देगा

तिरुवनंतपुरम/अमरावती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एक दिन के केरल-आंध्र प्रदेश के दौरे पर थे। केरल के कार्यक्रम में पीएम के साथ मंच पर सीएम पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता शशि थरूर मौजूद थे। इस पर पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद हराम कर देगा। कार्यक्रम में पीएम के भाषण को ट्रांसलेट करने वाले इसे सही ट्रांसलेट नहीं किया। इस पर पीएम ने कहा जहां मैसेज जाना था चला गया।




### अमरावती इंद्रलोक की राजधानी


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम आंध्र प्रदेश के अमरावती पहुंचे। उन्होंने यहां 58 हजार करोड़ के कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही अमरावती कैपिटल सिटी के निर्माण कार्यों की रीलॉन्चिंग की। पीएम मोदी ने कहा अमरावती इंद्रलोक की राजधानी है और यह महज संयोग नहीं है कि अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी है। यह स्वर्ण आंध की स्थापना का प्रतीक है। स्वर्ण आंध्र विकसित भारत के मार्ग को मजबूत करेगा और अमरावती स्वर्ण आंध्र के विजन को सशक्त करेगा। उन्होंने कहा अमरावती एक ऐसा शहर बनने जा रहा है, जहां आंध्र प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाएं हकीकत में बदल जाएंगी। आने वाले सालों में आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित ऊर्जा, सस्टेनेबल इंडस्ट्री, शिक्षा और हेल्थ सर्विस के क्षेत्रों में अमरावती टॉप सेंटर बनकर सामने आएगा।

### कांग्रेस ने किया पलटवार

पीएम के तंज पर कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भी हमारे पीएम असली खतरे पाकिस्तान का सामना करने के बजाय विपक्षी नेताओं की नींद में खलल डालने पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा पीएम की प्राथमिकताएं बिल्कुल साफ हैं, अपने असली मालिक अडाणी को खुश करना, लेकिन पीएम बेफिक्र रहें जब आप अपने कामों में व्यस्त होंगे, तब हमारी रातों की नींद आपको जवाबदेह ठहराने में ही बीत जाएगी।

### केरल में मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन

पीएम मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में 8900 करोड़ की लागत से बने विझिनजाम इंटरनेशनल डीप सी-वाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन किया। मोदी ने पोर्ट को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा इस पोर्ट को 8,800 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां आने वाले समय में तीन गुना ज्यादा जहाजों का ट्रांस शिपमेंट किया जा सकेगा और अब बड़े.बड़े माल ढोने वाले जहाज भी सीधे भारत आ सकेंगे। जब कोई बड़ा जहाज एक देश के बंदरगाह पर माल लेकर आता है, लेकिन वो माल किसी और देश या शहर तक पहुंचाना होता है, तो उस माल को वहां से छोटे जहाजों या दूसरे साधनों में लादकर आगे भेजा जाता है। इस प्रक्रिया को ही ट्रांस शिपमेंट कहा जाता है।



# भारत को शस्त्रों की परंपरा से भी बनाना होगा सशक्त

**एकात्म पर्व के समापन पर ओंकारेश्वर पहुंचे सीएम, 29 राज्यों के 500 शंकरदूतों ने ली दीक्षा**

**खंडवा।** आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर शुक्रवार को ओंकारेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री ने संत समागम में अपनी बात रखी। डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारत को केवल शास्त्रों से नहीं, शस्त्रों की परंपरा से भी सशक्त बनाना होगा। इस मौके पर 500 शंकरदूतों को दीक्षा दी गई। अद्वैत लोक निर्माण और धार्मिक नगरों में शराब मुक्ति जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने सरकार की नीतियां गिनाईं। सीएम ने कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य ने धर्म जागरण के लिए शक्ति की आराधना की। आज ज्ञान, वैराग्य, अध्यात्म के साथ शक्ति संपन्न भारत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्म जागरण के लिए शंकराचार्य ने दंडी स्वामी के रूप में शक्ति की आराधना की। आज शास्त्रों, ज्ञान, वैराग्य, अध्यात्म और उन सभी विधाओं की जरूरत है। लेकिन भारत को शक्ति संपन्न बनाना है तो उसके लिए शस्त्रों की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी सहित कई संत और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम आदिगुरु शंकराचार्य के प्रतिमास्थल के पास आयोजित किया गया।

### धर्म की स्थापना में नागा सन्यासियों ने दिए प्राण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंच से कहा कि इस देश में धर्म की स्थापना के लिए नागा सन्यासियों तक ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। हमारी सरकार भी धार्मिक कामों के लिए प्रतिबद्ध है। मैं पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम करता हूंए जिन्होंने महाकाल लोक के साथ ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक बनाने की परिकल्पना की। इस बार सरकार ने धार्मिक नगरों को शराब मुक्त करने का संक्ओंकारेश्वर के नर्मदा स्थित अभय घाट पर शुक्रवार सुबह 6 बजे दीक्षांत समारोह हुआ। इस दौरान अलग-अलग 29 राज्यों से आए 500 शंकरदूतों को स्वामी अवधेशानंद गिरी ने दीक्षा दी।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया राहुल को कोर्ट का नोटिस



**कहा आरोपियों का पक्ष भी सुना जाएगा, अगली सुनवाई 8 मई को होगी**

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स गायब हैं, दाखिल करें। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते। स्पेशल जज विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर 25 अप्रैल को पहली सुनवाई की थी। उन्होंने कहा चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। उन डॉक्यूमेंट्स को दाखिल करिए। उसके बाद नोटिस जारी करने पर फैसला करेंगे। ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 9 अप्रैल को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया था।

### पिता ने ही कर दी मासूम बेटों की हत्या

**धार।** धार में एक पिता ने अपने दो मासूम बेटों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। एक की उम्र 3 साल तो दूसरे की 4 साल है। सुबह दोनों के शव घर के आंगन में लहूलुहान हालत में मिले। ये घटना जिले के कुक्षी के भंवरपुरा गांव में गुरुवार रात की है। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे बच्चों की मां मंजू ने पुलिस को शिकायत की।

# आतंकी फिरोज को रतलाम लेकर पहुंची एनआईए

**रतलाम।** भोपाल सेंट्रल जेल में बंद आतंकी फिरोज को लेकर एनआईए और राजस्थान पुलिस शुक्रवार सुबह 4 बजे रतलाम पहुंची। एनआईए की टीम फिरोज को उसके घर एवं जुलवानिया रोड स्थित फार्म हाउस भी लेकर गई। जहां ब्लास्ट की साजिश रची थी। फार्म हाउस पूर्व में पकड़ा, साजिश के मास्टर माइंड आतंकी इमरान का है। पूर्व में एनआईए फार्म हाउस पर सर्चिंग कर चुकी है। रतलाम में जिस घर में आतंकी रह रहा था वहां उसे ले जाकर पूछताछ की। बता दें की जयपुर दहलाने की साजिश रचने में फिरोज आरोपी है। एनआईए डीसीपी पंकज कुमार मीणा के नेतृत्व 20 से 22 एनआईए और पुलिस की टीम रतलाम आई। आतंकी फिरोज को शहर के स्टेशन रोड थाने में रखा। थाने के अंदर किसी को जाने की अनुमति नहीं थी।



# जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा



नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग के चलते जम्मू.श्रीनगर हाईवे एनएच.44 दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर-यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेढ़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

# प्रज्ञा ठाकुर की जमानत के खिलाफ याचिका पर सुनवाई रुकी

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा ट्रायल कोर्ट में फैसला आने वाला है, आगे विचार की जरूरत नहीं**

भोपाल



सुप्रीम कोर्ट ने 2008 मालेगांव ब्लास्ट मामले में आरोपी पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई खत्म कर दी है। यह याचिका पीड़ितों में से एक के पिता निसार अहमद ने 2017 में दायर की थी। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट के प्रज्ञा ठाकुर को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग की थी।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट ने बताया कि अब एनआईए कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर आगे सुनवाई न करे। कोर्ट ने यह तर्क मान लिया और कहा कि जब ट्रायल कोर्ट में फैसला जल्द आने वाला है, तब इस याचिका पर आगे विचार करने की जरूरत नहीं है। एनआईए कोर्ट ने 19 अप्रैल को मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। इस विस्फोट में 7 लोगों की मौत हुई थी और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। मामले में करीब 108 गवाहों से पूछताछ की गई। प्रज्ञा ठाकुर की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि 8 मई को फैसला सुनाया जा सकता है और सभी आरोपियों को कोर्ट में मौजूद रहने को कहा गया है। इस बीच जिस जज एके लाहोटी की बेंच में यह मामला चल रहा है, उनका तबादला प्रस्तावित है, लेकिन हाईकोर्ट ने उन्हें 31 अगस्त तक वहीं बने रहने की अनुमति दी हैए ताकि वे फैसला सुना सकें।

# राफेल-जगुआर ने दिखाई ताकत

शाहजहांपुर।

यूपी के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया। 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआरए मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच टच एंड गो किया। सबसे पहले सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस.वे पर टच एंड गो किया। इसके बाद जगुआर मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में करतब दिखाए। सिर्फ एएन-32 लड़ाकू विमान ने एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग की। उसे आगे बढ़ना था, लेकिन हवा की गति इतनी तेज थी कि वह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद पायलट ने विमान को 180 डिग्री घुमाकर उसका रुख हवा की दिशा में मोड़ दिया। करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। शाम को तीन घंटे का नाइट लैंडिंग शो होगा, जो शाम 7 बजे शुरू होकर रात 10 बजे तक चलेगा।

**पहली बार नाइट लैंडिंग ट्रायल भी होगा**



# पहले जातीय जनगणना का विरोध करते रहे अब भाजपा को आई सद्बुद्धि

**शिमला में सांसद दिग्विजय सिंह बोले आतंक के खिलाफ कांग्रेस केन्द्र के साथ**

शिमला



शिमला में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री समेत भाजपा के शीर्ष नेता जातीय जनगणना का विरोध करते रहे। अब उन्हें सद्बुद्धि आई है, इसका स्वागत है। दिग्विजय सिंह संसद की स्टैंडिंग कमेटी के साथ शिमला दौरे पर हैं। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सराहना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद और सड़क दोनों जगह जातीय जनगणना का समर्थन किया है। राहुल ने स्पष्ट कहा था कि कांग्रेस की सरकार आने पर जातीय जनगणना जरूर कराएंगे। दिग्विजय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। यह मुद्दा पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है। शिमला में उन्होंने हिमाचल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिक्षा, खेल और समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस हमले की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। कांग्रेस का रुख स्पष्ट है कि आतंकवाद से कोई समझौता नहीं होगा। केंद्र सरकार आतंक के खिलाफजो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी।

# पहलगाम हमले पर सरकार की नीति स्पष्ट नहीं: खड़गे

## राहुल-प्रियंका, सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

नई दिल्ली

कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था सीडब्ल्यूसी शुक्रवार शाम को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र द्वारा घोषित जाति जनगणना से उत्पन्न स्थिति को लेकर बड़ी बैठक की। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बड़ा बयान सामने आया है। खड़गे ने साफतौर पर कहा है कि पहलगाम हमले पर को लेकर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। दिल्ली में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र सरकार की नीति पर सवाल उठाए। खड़गे ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने की जरूरत है। खड़गे ने यह भी दोहराया कि कांग्रेस पार्टी हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैए लेकिन सरकार को अपनी नीतियों और कार्यप्रणाली को लेकर पारदर्शिता बरतनी चाहिए। खड़गे ने आगे लिखा कि पर इस घटना के कई दिन बाद भी सरकार की तरफ़ से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है।



### शहीदों का दर्जा और सम्मान देने की मांग

राहुल गांधी जी ने कानपुर में शुभम द्विवेदी के परिवारजनों से मुलाकात की और सरकार से मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और खुशहाली की राह में जो भी चुनौती बनकर आएगा, उसके खिलाफ हम एक होकर सख्ती से निपटेंगे। पूरा विपक्ष इस मसले पर सरकार के साथ है। हमने पूरी दुनिया को यही संदेश दिया है। वहीं जाति जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने फिर साबित किया है कि हम अगर सच्चाई से लोगों के मुद्दों को उठाते हैं तो सरकार को झुकना ही पड़ता है।

# संयुक्त ट्रेड यूनियन काऊन्सिल शहडोल ने मई दिवस के अवसर पर निकाली मोटर साइकिल रैली



शहडोल (स्वतंत्र मत)।

दुनिया भर के श्रमजीवी आवाम के अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के पर्व मई दिवस के अवसर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन काऊन्सिल शहडोल के तत्वाधान में 1 मई को शाम 6 बजे बस स्टैंड में एकत्रित हुए। जहां सभा के महासचिव कॉम स्वर्णेंदु दास ने संबोधित करते हुए कहा कि 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर के मार्केट स्क्वायर हड़ताल कर रहे मजदूरों ने 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम एवं 8 घंटे जिनके लिए काम करते है यानि अपने परिवार को देने की मांग रखी, जिससे मालिक बेचैन होकर उन मजदूरों के ऊपर बम फेंककर कई मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया लेकिन फिर भी मजदूरों के हौसले पस्त नहीं कर पाई और 4 मई 1886 को मजदूरों ने दोबारा विरोध सभा की गई। जिस पर पुनः बम फेंका गया। मालिकों के गुर्गों ने और पुलिस फायरिंग में 4 मजदूर और 6 पुलिस वाले मारे गए। इसकी आड़ में श्रमिकों के संघर्ष को कुचलने के लिए जो अमानवीय दमन का कुचक्र चलाया गया, वो अकल्पनीय था। श्रमिकों के नायक अगस्त स्पाईज, अल्बर्ट पार्सन, एडोल्फ फिशर, जॉर्ज एंगेल्स को न्यायिक प्रहसन के जरिए फांसी पर चढ़ा दिया गया। एक और मजदूर नेता लुईस लिंग्स एक रात पहले अपने काल कोठरी में मृत पाए गए। आज की परिस्थिति भी ऐसी ही है और वर्तमान सरकार 44 श्रम कानूनों में परिवर्तन कर 4 श्रम संहिता लाकर मजदूरों के हक को छीनकर मालिकों के हिट साधने का कुत्सित प्रयास कर रही है। मंहगाई, बेरोजगारी, भूखमरी चरम पर है। सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों को निजीकरण की राह पर धकेल रही है। विपक्ष की आवाज को गैर-प्रजातांत्रिक रूप से कुचला जा रहा है। आतंकवादी निरीह नागरिकों की नृशंस हत्या कर रहें हैं और सरकार अपनी खामियों को छुपाने के लिए सांप्रदायिकता का जहर घोल रही है। इसलिए देश के सभी श्रम संगठनों ने आव्हान किया है कि तमाम मुद्दों को लेकर 20 मई की राष्ट्रव्यापी एकदिवसीय हड़ताल को शत-प्रतिशत सफल बनाने कि लिए देश में मजदूर, किसान एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों को परास्त करेंगे। उसके पश्चात यह रैली इंदिरा चौक, गांधी चौक, राजेंद्र टॉकीज होते हुए जय स्तम्भ चौक में जाकर यह रैली एक सभा में परिणित हुई जिसमें पेंशनर संगठन के अध्यक्ष काम.बी. के. गुप्ता, प्रगतिशील पेंशनर संगठन से काम.इमरान सिद्दीकी, मेडिकल रिप्रेसेंटेटिव के सचिव कांम. शत्रुधन पांडे, बीएसएनल एम्पलाइज यूनियन से काम. एस.के. पटेल, बीमा अभिकर्ता संघ के मंडलीय सचिव कॉम. दिनकर तिवारी, हिंदी साहित्य सम्मेलन के सचिव काम. मिथिलेश राय, प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष काम. शैलेंद्र जॉर्ज, जनता यूनियन से कॉम.एस. के. तिवारी एवं के अध्यक्ष कॉम. अब्दुल हफीज खान ने संबोधित किया सभी ने एक स्वर मे कहा कि आज भी मजदूरों का शोषण हो रहा है और सरकार की नीतियाँ पूरी तरह से जन, मजदूर एवं किसान विरोधी है, वरिष्ठ ट्रेड यूनियन साथी काम. ओ.पी.गुप्ता ने गगनभेदी नारों से शाम बांध दी। सभा का सफल संचालन जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के संयोजक काम. विजय उपाध्याय ने किया। रैली में सभी संगठनों से करीब 100 से 125 साथी उपस्थित रहे। सभी ने 20 मई की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को शत प्रतिशत सफल बनाने का प्रण लिया।



# कॉंग्रेस समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न

### संविधान बचाओ रैली की बनी रूप-रेखा

### जाति जनगणना के लिए किया गया राहुल गांधी का आभार व्यक्त

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व, जिला कॉंग्रेस प्रभारी विधायक नारायण पट्टा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश सचिव अजय अवस्थी की विशेष उपस्थित मे जिला समन्वय समिति की बैठक स्थानीय कॉंग्रेस भवन शहडोल मे संपन्न हुई। बैठक मे आगामी संविधान बचाओ रैली की रूप रेखा तैयार की गई, जिसमे 10 मई को जिला मुख्यालय शहडोल, 13 मई जयसिंह नगर, 15 मई जैतपुर एवं 17 मई ब्यौहारी मे संविधान बचाओ रैली निकाली जाएगी। बैठक में, राहुल गांधी द्वारा जाति जनगणना की मांग को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर जिला कॉंग्रेस कमेटी ने राहुल जी का धन्यावाद देते हुए आभार व्यक्त किया। बैठक के उपरांत जिला कॉंग्रेस द्वारा पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे आतंकियों के आतंक मे दिवंगत हुए लोगों एवं राजस्थान की पूर्व मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष गिरिजा व्यास के निधन पर जिला कॉंग्रेस द्वारा मौन रख कर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शॉंन्ति के लिए प्रार्थना की गई। उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से, जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, जिला प्रभारी विधायक नारायण पट्टा, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जयसिंह नगर विधायक प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह मरावी, ब्यौहारी विधानसभा प्रत्याशी रामलखन सिंह, जैतपुर विधानसभा प्रत्याशी उमा धुर्वे, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, ब्यौहारी ब्लाक अध्यक्ष विनोद ताम्रकार, सिंहपुर ब्लाक अध्यक्ष अनूपपुर सिंह परिहार, दलप्रताप सिंह, नईम अहमद, सागर साहू, हिमांशु गुप्ता आदि कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हम सब ने ठाना है सूखे हुए पोखरों को स्वच्छ बनाना है

### छात्राओं ने जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु निकाली जागरूकता रैली

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

30 जून तक जल के संरक्षण एवं जल स्त्रोतों को बचाए रखने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी हॉस्टल पांडव नगर में अधीक्षिका सुधा पटेल के नेतृत्व में छात्राओं ने जल संरक्षण संबंधी नारे के साथ में जागरूकता रैली निकाली। रैली में पानी कों कैसे बचाया जा सकता है,पानी के बीना जीवन संभव नहीं। इसके लिए हम वर्षा आने के पूर्व जल संरक्षण के बारे में योजना बनाकर कार्य करना है। रैली के दौरान भविष्य में आने वाले जल संकट से निपटने के लिए हमें छोटे-छोटे बदलाव करके ब्रश करते समय नल बंद रखें, जहां कहीं पानी टपकता दिखे उसको तुरंत बंद करें और जहां पर पानी के स्त्रोत है वहां की नियमित साफ सफाई रखें बरसात के समय अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई। जल जागरूकता रैली हॉस्टल से प्रारंभ होकर वन विभाग के पास स्थित तालाब की साफ साफ सफाई में समाप्त हुई जिसमें हॉस्टल की छात्राएं, समस्त कर्मचारी, राहगीर खुशबू पटेल,अंशिका यादव, द्रोपती सोंधिया, बलिराम, छोटू, उपस्थित रहे।



# शिकायत के बाद भी शासकीय जमीन से नहीं हटवाया जा रहा अवैध कब्जा, प्रभावित हो रहा विकास कार्य

ब्योहारी (स्वतंत्रमत)।

जिम्मेदार अधिकारियो की अनदेखी के चलते ग्राम पंचायत मे शासकीय जमीनो पर भूमाफियाओ द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिस वजह से ग्राम पंचायत मे विकास कार्य कराये जाने हेतु शासकीय जमीन ही नहीं बचा है और विकास कार्य प्रभावित हो रहा है,विडंबना इस बात की है कि अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला ब्योहारी तहसील के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत निपनिया का है जंहा लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किये हुए है शिकायत के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा शासकीय जमीन को खाली नहीं करवाया जा रहा है जो एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। ग्राम पंचायत के सरपंच की माने तो क्षेत्र में लगभग 50 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटाने को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज विश्वकर्मा ने स्थानीय प्रशासन को लिखित पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। सरपंच द्वारा बताया गया कि शासकीय भूमि पर लगातार हो रहे अवैध कब्जे के कारण पंचायत में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक अतिक्रमण हटाया नहीं जाएगा, तब तक पंचायत की विकास योजनाओं को लागू करना संभव नहीं है। सरपंच ने एसडीएम से मांग की है कि जिन लोगों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए और भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए, जिससे ग्राम पंचायत में रुके हुए विकास कार्य पुनः शुरू किए जा सकें। हालांकि, सरपंच की शिकायत को दिए हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे ग्राम वासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और लोग प्रशासनिक निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों की भी यही मांग है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता दे और शीघ्र अतिक्रमण हटाकर ग्राम पंचायत को विकास की दिशा में आगे बढ़ाए। अब देखना यह है कि समाचार के बाद स्थानीय प्रशासन इसे कितनी गंभीरता से लेता है और क्या कार्यवाही करता है।



### इनका कहना है.

ग्राम पंचायत मे दबँगो द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध रुप से कब्जा किये हुए। विकास कार्यों के लिए शासकीय जमीन न होने से दिक्कत हो रही है। मेरे द्वारा शासकीय जमीन को खाली करवाये जाने हेतु एसडीएम, कलेक्टर को पत्र दिया गया मगर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

**मनोज विश्वकर्मा**
**सरपंच ग्राम पंचायत निपनिया**
**जनपद पंचायत ब्योहारी**

# लाड़ली लक्ष्मी योजना सशक्तिकरण का प्रतीक : विधायक



### उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव, बेटियां सम्मानित

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के मानस भवन में आज उत्साह एवं उमंग क साथ लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनीषा सिंह मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की बेटियों के लिए एक सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के अंतर्गत बेटियों को जन्म से लेकर शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके। विधायक ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत 2 मई 2007 से प्रारंभ की गई जिसका उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना और अपने सपनो को साकार करना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित जा रही है लाड़ली बहना योजना, लक्ष्मी योजना, स्व सहायता समूह, महिलाओं के लिए आरक्षण जैसे अन्य योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज कंधे से कंधे मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर मॉ-बाप, गांव जिला, प्रदेश देश का नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम को बाल किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य प्रदीप सिंह ने सम्बोंधित करते हुए कहा कि सरकार लाड़ली लक्ष्मी योजना क प्रत्येक लाभार्थी बालिका के नाम से 1.43 लाख रुपये तक की सहायता राशि चरणबद्ध रूप से प्रदान करती है। इसका उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, बाल विवाह की रोकथाम करना और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। कार्यक्रम को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उर्मिला कटारे ने भी सम्बोधित किया।

लाड़ली उत्सव के दौरान अपराजिता कार्यक्रम के अंतर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों को पुरूस्कृत, लाड़ली बालिकाओं को आष्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। साथ ही लाडली क्लब की सदस्य बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किया गया। लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र बेटियो को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया जिसमें अर्षिता चौधरी, सनिया खान, नित्या हलवाई, दृष्टि असवानी आदि के नाम शामिल है। इसी प्रकार लाड़ली उत्सव में लाठी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाली गोल्डी पाल, अंचल वर्मा, कसिका, दृष्टि शुक्ला के नाम शामिल है।

इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज लारोकर, परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल, कल्याणी बाजपेई, संजीता भगत, निभा गुप्ता सहित काफी संख्या में बालिका उपस्थित थी। कार्यक्रम को संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय एवं लाडली उत्सव के तहत बालिका शिवानी सोनी ने किया।



# करौंदी में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन, बालिकाओं को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम करौंदी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर लाड़ली बालिकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर वातावरण को सजाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू और ग्राम की सरपंच दुर्गा बाई बनवासी उपस्थित रहीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना दुबे, प्रमिला साहू एवं गौरी बनवासी द्वारा दोनों अतिथियों का तिलक वंदन कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में जनपद सदस्य श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना से बालिकाओं को न सिर्फ आर्थिक सहायता मिलती है, बल्कि शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भी बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दें और पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अवश्य करें। इसी क्रम में एक पौधा च्लाड़ली लक्ष्मीज् के नाम पर रोपित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना दुबे (केंद्र क्रमांक 1), प्रमिला साहू (केंद्र क्रमांक 2), गौरी बनवासी (संजयनगर केंद्र), सहायिका सिया बाई साहू, प्यारी बाई बरमैया, राधिका साहू सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।



# एक पेड़ लाड़ली के नाम से हरियाली का संदेश, सशक्तिकरण का नया रूप

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में शुक्रवार को च्लाड़ली लक्ष्मी उत्सवज्ज का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और प्रोत्साहन का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, उपाध्यक्ष अंजू व्यौहार, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य हीरा परस्ते, नरेन्द्र राजपूत, आशीष वैश्य, नीलू जैन, राजेन्द्र द्विवेदी, जिला प्रशासन से अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लाड़ली बालिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। लाड़ली बालिकाओं द्वारा मंच संचालन कर कार्यक्रम को आकर्षक रूप दिया गया।

# मोटर साईकल की सीट के नीचे गांजा रख कर फंसाया, अब षड्यंत्रकारियों को उल्टा पड़ा दांव

### मामला दर्ज होते ही आरोपी रोजगार सहायक राधेश्याम राजपूत और रामू हुए फरार

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदरानी में रोजगार सहायक राधेश्याम ने प्रतिद्वंदी को निपटाने के लिए ऐसी साजिश रचा कि सुनकर कलेजा कांप जाए, इस तरह की गंदी साजिश और हरकत कोई सोच भी नहीं सकता लेकिन भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत पैसे से राधेश्याम की आंखे चौंधिया गई, पैसे और प्रभाव के दम पर सिस्टम को खरीदने का दम भरते हुए उसने 30 जनवरी 2024 को निर्दोष रामकिशोर राजपूत के मोटरसाइकल में एक किलो गांजा रखकर पुलिस से पकड़वा दिया।

दरअसल पूरा मामला यह है कि राधेश्याम राजपूत द्वारा रोजगार सहायक भर्ती प्रक्रिया के दौरान मैरिट में अव्वल रहे रामकिशोर राजपूत की हिस्से की नौकरी को कम्प्यूटर डिप्लोमा के फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर साम,दाम, दंड, भेद की नीति पर चलते हुए हथिया लिया था। जब रामकिशोर ठाकुर ने राधेश्याम द्वारा प्रस्तुत कम्प्यूटर डिप्लोमा की मान्यता को माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में चुनौती दी तो पहले केस वापस लेने के लिए धमकाया,प्रलोभन दिया, केस वापस नहीं लेने पर अंजाम भुगतने की चेतवानी और अंततः जब रामकिशोर ने केस वापस लेने से मना किया तो साजिश रच कर, मोटरसाइकिल के नकली चाबी बनवा कर सीट के नीचे गाँजा रख दिया ।




पीड़ित राम किशोर समनापुर गया तब रोजगार सहायक या उसके सहयोगियों के इशारे पर पुलिस ने रामकिशोर के गाड़ी से 1 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद करते हुए गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया जिससे निर्दोष को लगभग 42 दिनों तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहना पड़ा..? अब पुलिस ने साजिश रचने वाले अत्याचारी रोजगार सहायक राधेश्याम राजपूत और सहयोगी रामू राठौर पर शिकंजा कसते हुए गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को तलाश शुरु कर दी है।

# जिले में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य, डिंडौरी द्वारा विभागीय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक पदों के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित करने हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर संबंधित शिक्षकों को सूचित करें। यदि किसी शिक्षक को स्वयं को अतिशेष किये जाने पर आपत्ति हो, तो वे दिनांक 29 अप्रैल 2025 से 1 मई 2025 तक सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य कार्यालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



# सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग भर्तियां मानव तस्करी

## सरकार के फैसले को अजाक्स संघ ने दी चुनौती



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र में सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के जरिए कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर अजाक्स संघ ने मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि सरकार के पास पहले से स्वीकृत पद और तय वेतनमान मौजूद हैं, इसके बावजूद कर्मचारियों को प्राइवेट एजेंसियों के जरिए ठेके पर रखकर नियुक्त करना असंवैधानिक है।एजेंसी वाले कम वेतन देते हैं और कभी भी नौकरी से निकाल देते हैं। इन कर्मचारियों को कोई कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती। ये प्रक्रिया ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसी है यानी इंसानों को खरीदने-बेचने जैसा व्यवहार हो रहा। है।

**5 मई को होगी सुनवाई:-**इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ने बताया कि मप्र में वर्तमान में लाखों कर्मचारी आउटसोर्सिंग के जरिए काम कर रहे हैं। सरकार ने कर्मचारियों की भर्ती को भी एक वस्तु खरीद प्रक्रिया की तरह बना दिया है। इससे कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और वे न तो कोर्ट जा सकते हैं, न ही अपने अधिकारों की मांग कर सकते हैं। इस मामले पर 5 मई को कोर्ट में सुनवाई होगी।

**2 साल पहले लागू हुआ था नियम:-**दरअसल मप्र सरकार के वित्त विभाग ने 31 मार्च 2023 को अधिसूचना जारी कर यह नियम लागू किया। इसके अनुसार, राज्य के सभी विभाग विशिष्ट कार्यों हेतु चतुर्थ श्रेणी यानी ड्राइवर, चपरासी, सफाईकर्मी जैसे पदों पर जरूरत पड़ने पर प्राइवेट एजेंसियों से कर्मचारी लिए जा सकते हैं। कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर प्राइवेट एजेंसियों से आउटसोर्स कर सकते हैं।

# जबलपुर की पारेषण प्रणाली को मिली मजबूती



## माढ़ोताल सबस्टेशन में दो नए सर्किटों का निर्माण और ऊर्जीकरण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको ने जबलपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र की पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने माढ़ोताल रिमझा स्थित 132 केव्ही सबस्टेशन में दो नए 132 केव्ही सर्किटों का निर्माण कर उन्हें सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। इससे पहले इस सबस्टेशन में दो 132 केण्व्हीण् सर्किट पहले से ही क्रियाशील थे। अब यहां कुल चार सर्किट उपलब्ध हो गए हैं।

**235 लाख रुपये की लागत कार्यान्वयन:-**ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि इस परियोजना के तहत लगभग 235 लाख रुपये की लागत से डबल सर्किट डबल स्ट्रिंगिंग ट्रांसमिशन टावर और सबस्टेशन में दो नए सर्किटों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया गया है। इस उन्नयन से जबलपुर शहर की विद्युत आपूर्ति पहले से अधिक लचीली और विश्वसनीय हो गई है। उन्होंने इस सफलता के लिए एमण्पीण् ट्रांसको के समस्त कार्मिकों को बधाई दी है।

**चार सर्किटों से होगी सबस्टेशन को आपूर्ति:-**एमण्पीण् ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत अब माढ़ोताल सबस्टेशन को जबलपुर एवं पनागर स्थित 220 केव्ही सबस्टेशनों से डबल सर्किट के माध्यम से कुल चार 132 केव्ही सर्किटों से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसी एक फीडर के रखरखाव या तकनीकी बाधा के दौरान भी माढ़ोताल की विद्युत व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से माढ़ोताल, जेपी नगर, लेमा गार्डन, कठौंदा, रामेश्वरम सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कटंगा और सिहोरा जैसे इलाकों के उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

## आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों के असमय काल कवलित होने पर मुस्लिम समाज सिहोरा एवं खितौला ने आतंकवादी घटना का पुरजोर विरोध करते हुए निंदा की हैं। मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के विरोध में सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सोपा। मुस्लिम समाज द्वारा प्रेषित ज्ञापन के अनुसार आतंक का कोई धर्म या मजहब नहीं होता धरती की जन्नत कहे जाने वाली खूबसूरत वादियों क्रूरतापूर्वक किये गए इस कृत्य का मुस्लिम समाज घोर विरोध करता है एवं मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते है । जल्दी ही दोषियों को पकड़ जाए एवं कठोर से कठोर सजा ही जाये इस अवसर पर सकीर मौलाना, मौलाना तौसीफ, रज़ागुलाम नबी अंसारी, गुड्डू कुरेशी आदी उपस्थित रहे।

## महापुरूषों के नाम से जाने जायेंगे मार्ग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा बताया गया कि केबिनेट मंत्री राकेश सिंह के निर्देशानुसार रानीताल चौक से शहीद स्मारक तक की सड़क का नाम ''स्व. ठाकुर शिवराज सिंह कटरा दादा मार्ग'' नामकरण करने एवं केंट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के पत्रानुसार बंगाली कॉलोनी से मस्ताना चौक तक की सड़क का नाम परमपूज्य समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मार्ग के नाम से किया जावेगा। उपरोक्त प्रस्ताव महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा मेयर-इन-कॉउंसिल में पारित कर सदन की ओर अग्रषित किया गया। जिसे निगमाध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई।

## करंट लगने से किशोर की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में मेडिकल कॉलेज में एक युवक की मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को 52 वर्षीय विष्णु शर्मा निवासी चौसठ योगिनी के सामने पंचवटी ने बताया कि उसका बेटा 18 वर्षीय अंश शर्मा सुबह मकान में तराई कर रहा था। तभी वह करंट लगने से बेहोश हो गया । उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लेकर आये जहां डॉक्टर ने चैक कर अंश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुए मामले को जांच में लिया है।

## छत से गिरकर महिला की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी थाना चौकी बरगी नगर में 31 वर्षीय मनोज कुमार वंशकार निवासी बरबटी ने सूचना देकर बताया कि उसकी मां विमला बाई उसके बच्चों को लेकर छत पर सो रही थी छत की बाउण्ड्री नहीं बनी है। अचानक गिरने की आवाज आयी देखा उसकी मां आंगन में गिर गयीं थी मां की सांस चल रही थी। जिन्हें उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये डाक्टर ने चैक कर मां 52 वर्षीय विमला बाई वंशकार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## करंट लगने से किशोर की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में मेडिकल कॉलेज में एक युवक की मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को 52 वर्षीय विष्णु शर्मा निवासी चौसठ योगिनी के सामने पंचवटी ने बताया कि उसका बेटा 18 वर्षीय अंश शर्मा सुबह मकान में तराई कर रहा था। तभी वह करंट लगने से बेहोश हो गया । उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लेकर आये जहां डॉक्टर ने चैक कर अंश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुए मामले को जांच में लिया है।



## समरस होकर पेड़ लगाएं, जीवन को समृद्ध बनाएं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सब सबको जाने सब सबको माने के मंत्र के साथ समरस भारत से समर्थ भारत के निर्माण के उद्देश्य को लेकर समरसता सेवा संगठन ने भगवान परशुराम एवं भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस पर मुख्य अतिथि शिवनारायण पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रो. एस एस संधू, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर भगवान श्री परशुराम को समर्पित करते हुए रुद्राक्ष का और भगवान चित्रगुप्त जी को समर्पित करते हुए सिंदूर का पौधा अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट के समीप स्थित नर्मदा उद्यान में रोपित किया।

# सफलता के सितारे शिविर का शुभारंभ

### ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर कैम्प का आयोजन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा प्रेमनगर स्थित शिव उपहार भवन में आयोजित बाल व्यक्तिव विकास शिविर सफलता के सितारे का शुभारम्भ हुआ। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने इस अवसर पर कहा कि, हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा अवश्य होती है। आवश्यकता है उसे पहचानने और निखारने की। यह समर कैम्प आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का सुनहरा अवसर है। खेल खेल में ध्यान विषय पर ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी दुनिया में ध्यान बच्चों के लिए भी उतना ही आवश्यक है जितना बड़ों के लिए। लेकिन छोटे बच्चों को सीधे ध्यान में बैठने के लिए कहना अक्सर मुश्किल होता है। ऐसे में यदि ध्यान को खेल के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो यह न केवल उन्हें रुचिकर लगेगा, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने बच्चों को राजयोग का अभ्यास के माध्यम से एकाग्रता बढाने के अभ्यास बतलाये। यह निशुल्क बाल व्यक्तित्व विकास शिविर प्रेमनगर गुरूद्वारे के पास स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र शिव उपहार भवन में मंगलवार 6 मई तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगा।



# रिंवझा ग्राम में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** ग्राम रिंवझा भव्य एंव दिव्य कलशयात्रा का साक्षी बना। करीब 5100 कलश धारण कर 3 किलोमिटर तक हजारों महिलाएं पैदल चली। 3 से 9 मई तक आयोजित लक्ष्मी नारायण यज्ञ एंव श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन देश के प्रसिद्ध संत अनिरुद्धाचार्य के द्वारा अपनी जन्मभूमि में पहली बार किया जा रहा है जिनको लेकर क्षेत्रीय जनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। यज्ञ में शामिल होने देश के कोने कोने से आये महाराज के शिष्यों ने यज्ञ भागवत कथा स्थल को वृंदावन बना दिया पूरे स्थल को आकर्षक ढंग से सजाने और संवारने में क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई एंव बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे अन्य लोगों के साथ स्वयं ही लगे रहे।

## मेडिकल विवि. का दीक्षांत समारोह आज शामिल होंगे राज्यपाल मंगुभाई पटेल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आज जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल श्री पटेल मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होने जबलपुर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का शनिवार की सुबह 10.20 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल डुमना एयरपोर्ट से सुबह 10.55 बजे घण्टाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र पहुँचेंगे तथा यहाँ सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्विद्यालय जबलपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह के तुरंत बाद राज्यपाल श्री पटेल सर्किट हाउस प्रस्थान करेंगे, जहां उनका दोपहर 1.30 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस से डुमना एयरपोर्ट रवाना होंगे तथा दोपहर 2 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा ग्वालियरप्रस्थान करेंगे।

# रोड सेफ्टी समर कैंप का आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिलें में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमी लाये जाने हेतु पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सोनाली दुबे के मार्गनिर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात बैजनाथ प्रजापति, संगीता डामोर की उपस्थिति में यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को यातायात जागरूकता विषय पर रोड सेफ्टी समर कैंप का आयोजन भंवरताल गार्डन में किया गया । जिसमें एनसीसी के छात्र-छात्रायें सम्मिलित हुये। यातायात पुलिस द्वारा सभी कैडिट्स को यातायात नियमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं उन्हे समझाया गया कि एक वाहन चालक यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से कैसे बच सकता है। एनसीसी छात्र-छात्राओं को यातायात के सूचनात्मक, आदेषात्मक, सचेतात्मक चिन्हों को समझाया गया, साथ ही रोड पर खींची गई लाईनों के अर्थ बताया गया। वाहनों से संबंधित सभी प्रकार के दस्तावेजों की जानकारी देते हुये , ड्रायविंग लायसेंस बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला आज शहर में



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 3 मई को वायुयान द्वारा प्रातः 10.20 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुचेंगे एवं प्रातः 11 बजे मप्र मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचकर द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। श्री शुक्ल दोपहर 2.30 बजे सिविल अस्पताल पाटन का शुभारंभ करेंगे एवं दोपहर 3.15 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नुनसर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शाम 4 बजे जबलपुर से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जातिगत जनगणना कराने के समर्थन में मिष्ठान का वितरण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के तत्वाधान में अम्बेडकर चौक हाईकोर्ट के पास प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी एड तरुण रोहितास, प्रमेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में आमजन को मिष्ठान्न वितरण कर ओबीसी की जातिगत जनगणना करने पर केंद्र सरकार के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया। देवेश चौधरी ने मांग की हैं कि ओबीसी की जातिगत जनगणना की पारदर्शिता एवं समय सीमा का ध्यान रखा जाए एवं उसके आंकड़े सार्वजनिक किए जाए ताकि संसाधनों का समान वितरण एवं आरक्षण का पुनरीक्षण किया जाए ताकि सच्चे अर्थों में सामाजिक न्याय क्रियान्वित किया जाए। इस अवसर पर शिवनाथ चौधरी आलम, संजय सेन, राकेश मून, राजेंद्र चौधरी, लखन चौधरी, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार, शुभम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# घड़ी-कैलेंडर लेकर विधि छात्रों ने घेरा विवि.

### परीक्षा परिणामों को लेकर किया प्रदर्शन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। शुक्रवार को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पहुंचे महाकोशल विधि छात्र संघ के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने ने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सामने आए डीएसडब्ल्यू प्रो. विवेक मिश्रा को एक दीवार घड़ी और कैलेंडर थमाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। दरअसल, छात्र एल एल बी परीक्षा परिणाम के घोषित नहीं किए जाने से ख़फ़ा थे। एसोसिएशन उपाध्यक्ष रोहित कुरील का कहना था कि एलएलबी की परीक्षाएं जनवरी माह में हुई थी, लेकिन 3 माह बीतने के बाद भी परिणामों को घोषित नहीं किया गया है। जिसके चलते छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विश्वविद्यालय के कर्मचारी-अधिकारी कभी निर्धारित समय पर नहीं आते हैं। अधिकांश समय वे चाय पान के ठेलों पर नजर आते हैं। जिसके चलते दूर दराज के क्षेत्रों से विश्वविद्यालय से संबंधित काम लेकर आने वाले छात्र यहां-वहां भटकते नजर आते हैं। यही कारण है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को एक कैलेंडर भेंट किया गया है ताकि उन्हें परीक्षा तिथियां व परिणाम घोषित करने की तिथियां याद रहे। वहीं घड़ी दी गई है जिसमें समय देखकर कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं।

# विद्युत वितरण कंपनी और एसबाई में नया अनुबंध

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच कॉर्पोरेट सैलेरी पैकेज के तहत नया अनुबंध किया गया है। कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मासंएवं प्रशा.) नीता राठौर एवं बैंक की ओर से उप महाप्रबंधक हरे राम सिंह के बीच अनुबंध किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक देवेश गोयल, सहायक महाप्रबंधक शैलेश चतुर्वेदी, नयागांव शाखा के मुख्य प्रबंधक चेतन शर्मा और कंपनी की ओर से मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, अति. मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) एसके गिरिया, महाप्रबंधक (स्थापना) आरसी साहू उपस्थित रहे। अनुबंध में वेतन के आधार पर सिल्वर, गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम एवं रोडियम श्रेणियों में बांटा गया है, श्रेणी के आधार पर खाताधारकों को निम्नलिखित सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। समस्त श्रेणी के खाताधारकों को व्यक्तिगत सामान्य मृत्यु होने पर दस लाख एवं दुर्घटना मृत्यु होने पर एक करोड़, हवाई दुर्घटना में मृत्यु होने पर एक करोड़ साठ लाख, स्थायी अपंगता होने पर एक करोड़, स्थायी आंशिक अपंगता पर अस्सी लाख तक का बीमा का निःशुल्क लाभ मिलेगा। खाताधारकों को मिनिमम बैलेंस, पासबुक, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कम डेबिट कार्ड, एटीएम में आहरण सीमा, ऑनलाइन एनईएफटी एवं आरटीजीएस, एसएमएस अलर्ट, ड्राफ्ट इशू चार्जेस, रूपये डेबिट कार्ड, मल्टीसिटी चेक की सुविधायें निशुल्क होंगी।

# जबलपुर में आ गया है सपनों का केए मॉल

### शुभारंभ के साथ की उमड़ पड़ी संस्कारधानी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महीनों से जबलपुर को इंतजार था केए मॉल की ओपनिंग का। केए मॉल यानी कृष्ण अवतार मॉल संपूर्ण आकार ले चुका है। 30 अप्रैल से भव्य समारोह पूर्ण ओपनिंग के साथ जन आकर्षण का केन्द्र बन चुका है। पुरानी ज्योति टॉकीज की जगह शहर के बीचों-बीच नौदरा ब्रिज पर बना यह भव्य मॉल एक प्रमाण है इसकी 1400 टन की सेंट्रल एयर कंडीशनिंग, तो दूसरा प्रमाण है इसमें लाइफस्टाइल, नायका, एरोज़, एडिडास, स्पायकर, कलरप्लस, किलर एक्स जैसे बड़े ब्रांड्स के भव्य शोरूम जिनमें उपलब्ध अपरैल्स, एसेसरीज, वाचेस, कैजुअल्स, फार्मल्स और एथेनिक वेयर की महिलाओं एवं पुरुषों के लिए वृहद उत्पाद श्रृंखला इतनी नयनाभिराम है कि देखने वाले को सहज ही तुरंत खरीदारी करने की उत्कंठा हो जाए, और दाम इतने आकर्षक हैं कि 1 मिनट भी सोचने की जरूरत ही ना पड़े।

मशहूर फूड ब्रांडस है मौजूद-:जहाँ प्रवेश द्वार से ही बरिस्ता आपका स्वागत करता है वहीं फूड ब्रांड्स में उपलब्ध है टैन डाउनिंग स्ट्रीट, काके दी हट्टी, असान्जो, पिज्जा हट, मालगाड़ी, ओकी-पोकी, ढाबा जैसे मशहूर ख्यातिलब्ध खानपान के वे नाम जो आपकी आउटिंग को यादगार बनाने के लिए आपकी प्रतीक्षा में हैं। फूड ज़ोन में बैठने के लिए जगह इतनी है कि किसी को किसी से कोई डिस्टरबेंस ना हो। शीघ्र ही युवाओं का बहु प्रतीक्षित मैक्डी याने मैकडोनाल्ड भी मॉल में प्रारंभ होने जा रहा है। स्ट्राइक गेमिंग जोन इतना वरशाटाइल है कि शायद ही किसी महानगर में भी इस स्तर का गेमिंग जोन हो। चौथे माले पर अतिविख्यात चार डिजिटल सिनेमा स्कीन हैं और चारों का थिएटर एक दूसरे से इतना भिन्न है कि हर स्कीन एक अलग ऑडी महसूस हो। सबसे सस्ती सीट भी बेमिसाल कंफर्ट वाली है।

**पार्किंग, लिफ्ट, एस्कलेटर हैं शानदार -:**मॉल मैनेजमेंट ने प्राईसिंग पॉलिसी के बारे में बताया कि मॉल में रेंज तो टॉपक्लास है परंतु प्राइजिंग ऐसी है कि हर कोई खुशी-खुशी खरीद करके संतुष्टि के साथ जा सके। मॉल की एक और विशेषता है इसकी पार्किंग व्यवस्था जिसके लिए बेसमेंट के तीन तलों में सुव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करने के इंतजाम तो हैं ही साथ ही पार्किंग से सीधे मॉल में जाने के लिए लिफ्ट भी उपलब्ध है। मॉल के अंदर आवागमन को सुगम बनाने के लिए एसकलेटर्स के साथ-साथ लिफ्ट्स भी मुहैय्या कराई गई है ताकि आवागमन की सुगमता सुनिश्चित करी जा सके। यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि मुद्दतों बाद जबलपुर में केए मॉल के रूप में कुछ ऐसा बना है जिसपर हर जबलपुर वासी गर्व कर सकें।



## चंद मिनट में मिलेगी जांच की रिपोर्ट अब टीबी की जांच हुई आसान

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस बी चौधरी ने बताया कि जिला क्षय नियंत्रण समिति उमरिया द्वारा क्षय रोगों की जांच हेतु 1 मिनट में आधुनिक मशीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ट अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन द्वारा रिपोर्ट मिलेगी जिससे आमजन की जांच करने में आसानी होगी। जिला क्षय अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने बताया जिले को जिले को टीबी मुक्त अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप टीवी मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने हेतु अब पोर्टेबल मशीनों से गांव-गांव में कैंप लगाकर जांच किया जाएगा। जिले में पहली बार टीवी जांच केंद्र पर मरीजों का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन से रिपोर्ट 1 मिनट में प्राप्त करने के उपरांत अक्षय का इलाज शुरू किया जा सकेगा। आई बेस्ट अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की खासियत है कि इसे कहीं भी आसानी से ले जाया जा सकता है सभी टीबी केदो पर अब खाकर की जांच रिपोर्ट कुछ ही मिनट में प्राप्त हो सकेगी। जिला क्षय नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने बताया कि अब ग्राम स्तर पर आवश्यकता अनुसार कैंप लगाकर यह कार्य को संपादित करेंगे जिससे कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत विगत समय 64 पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत घोषित किया गया था एवं इस वर्ष में अधिक से अधिक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने में सफल होगा।

# रानी दुर्गावती भवन में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बेटियों ने हर क्षेत्र में कार्य करके अपने आपको बेहतर साबित किया है। बेटियां पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है, जिससे उनकी समाज में साख बढ़ी है, मान सम्मान बढ़ा है। उक्त आशय के विचार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम ने रानी दुर्गावती भवन में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।




उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक व्यवस्था की गई है। सरकार व्दारा बेटी के जन्म लेने पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ,स्कूल जाने पर निशुल्क सायकल, छात्रवृत्ति, महाविद्यालय में अध्ययन करने वाली बालिकाओं को गांव की बेटी योजना का लाभ तथा विवाह योग्य होने पर मुख्यमंत्री कन्या , विवाह योजना का लाभ प्रदाय किया जा रहा है।बेटियां इन योजनाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य संवार रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने कहा कि बेटी है तो कल है। बेटियां एक घर का नही बल्कि दो घरों का नाम रोशन करती है। जिस घर में बेटियों का जन्म होता है, वहां साक्षात देवियों का वास होता है। प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना संचालित करके बेटियों के जीवन को सुरक्षित किया है। उन्होने बालिकाओं से अपील करते हुए कहा कि वे भी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने अध्यापन का कार्य करते हुए अपने माता पिता, स्कूथ्ल , जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को लाड़ली बालिकाओ ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान, लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान, लाड़ली लक्ष्मी बालिका को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरण, लाड़ली लक्ष्मी क्बल की अध्य्क्ष एवं सदस्यों व्दारा क्लब की गतिविधियों के संबंध में अनुभव साझा, लाडली बालिकाओं व्दारा संगीत, नृत्य, अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां, एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम से लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौध रोपित किए गए। कार्यक्रम में सीडीपीओ सुनेंद्र सदाफल, वनस्टाप सेंटर के अधिकारी कर्मचारी सहित लाड़ली लक्ष्मी बालिका, महिलाएं उपस्थित रही।

## बांधवगढ़ में पेट्रोलिंग के नाम पर हो रही खानापूर्ति : वंदना द्विवेदी



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - शिकार की घटनाएं बांधवगढ़ और उसके आसपास के क्षेत्र में आम है चीतल का शिकार बहुत दिनों से हो रहा है, ओर साथ में टाइगर का भी, टाइगर के मामले में लीपापोती कर दी जाती है जिससे हकीकत सामने नहीं आती टेरिटोरियल फाइटिंग या अन्य किसी घटना का हवाला दे दिया जाता हे। जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ने नजर आते हैं और स्थानीय लोग खामोश, वजह क्या है इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, बिना स्थानीय लोगों के सहयोग के शिकार नहीं हो सकता बाहरी तत्व तभी सक्रिय होते हैं जब स्थानीय लोगों का पूरा सहयोग मिलता है, पेट्रोलिंग के नाम पर पैदल चलने वाले फॉरेस्ट का अमल , ही नजर आता हे बाकी पेट्रोलिंग कहां की जा रही है कौन लोग पेट्रोलिंग टीम में शामिल है और कब-कब पेट्रोलिंग किस-किस क्षेत्र में हो रही है उसका रिकॉर्ड रखना आवश्यक है, स्थानीय लोगों की भी एक पूरी टीम की आवश्यकता है जिनको पेट्रोलिंग टीम में शामिल किया जा सकता है सीजन ऑफ होने की कगार पर है हमारे गाइड्स को भी पेट्रोलियम टीम में लिया जा सकता है जब युद्ध स्तर पर पेट्रोलिंग की जाएगी और पूरे क्षेत्र में सक्रीयतापूर्वक काम किया जाएगा बाहर से कौन आया है उसकी गतिविधियां क्या है इस पर नजर रखी जाएगी तभी शिकार पर अंकुश लग सकता है अन्यथा नहीं, स्थानीय लोगों के कार्य शैली पर भी नजर रखी जाने आवश्यक है गांव में जो आसपास के हैं उनमें कौन क्या कर रहा है किसकी गतिविधि क्या है रात्रि में कौन यहां वहां जा रहा है यह जानना और पता लगाना जरूरी है जैसे पुलिस डिपार्टमेंट में मुखबिर होते हैं डिपार्टमेंट में भी मुखी वीरों की टीम बनाई जानी चाहिए जो इस तरह का काम करें उन्हें डिपार्टमेंट की तरफ से पारिश्रमिक दिया जाना आवश्यक है।

# अवैध संबंध के उजागर होने पर युवक ने लगाई फाँसी...!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

नगर में एक सनसनीखेज प्रेमप्रसंग का मामला सामने आया है जिसमे खुलासा होने पर युवक ने युवती के घर पर ही फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली और फांसी पर लटक गया। वही फांसी पर लटकने से पहले युवक के साथ मारपीट की गई जिसके निशान उसके शरीर पर देखे गए जिससे युवती के परिजनों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर एक को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस द्वारा बताया गया है कि मर्म क्रं. 41 25 धारा 194 बीएनएसएस की जांच मौके से किया गया जिसमें मर्ग जांच के दौरान निरीक्षण घटना स्थल, शव पंचायतनामा कार्यवाही एवं मृतक प्रभात कुमार जायसवाल का पीएम जिला अस्पताल उमरिया से कराया गया। जांच दौरान कथन सूचनाकर्ता राजभान जायसवाल, उसके भाई बृजभान जायसवाल, सुखीलाल जायसवाल,पूजा जायसवाल, सरोज जायसवाल, सोनू जायसवाल उर्फ समा एवं मृतक के भाई कंधीलाल जायसवाल चचेरा भाई संतलाल जायसवाल, चाचा प्रमोद जायसवाल, चन्द्रमणि जायसवाल, साक्षी सुशान्त जायसवाल, प्रशान्त जायसवाल, संतोष जायसवाल से घटना के संबंध मे पूछताछ कर कथन लेख किया। मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतक प्रभात कुमार जायसवाल पिता लोलर जायसवाल उम्र 21 साल निवासी खैरा थाना शाहपुर जिला मऊगंज का अवैध प्रेम संबंध रमपुरी उमरिया में रहने वाली पूजा जायसवाल के साथ करीब 03 साल से चल रहा था। घटना दिनांक 22.04.2025 को पूजा जायसवाल का पति सुखीलाल ठेला लेने सुबह 6 बजे घर उमरिया से बैढन चला गया था। घर मे पत्नी पूजा एवं उसका बच्चा करीब 06 वर्ष थे। इसी दौरान मृतक चुपचाप से घर मे आकर कमरे में चला गया जिसे पूजा के जेठ राजभान का नौकर संदीप कोल ने देख लिया एवं यह बात राजभान को बताया तो राजभान जायसवाल ने अपने मझले भाई राजू जायसवाल उर्फ बृजभान जायसवाल को फोन करके अपने घर बुलवाया और उसके आने पर दोनो, पूछे कि तुम्हारे घर कौन आया है तो वह बोली कि कोई नही। वह कमरे के बाहर सिटकिनी बंद कर खडी थी तब शंका होने पर राजभान जायसवाल एवं राजू जायसवाल ने पूजा जायसवाल के कमरे की सिंटकिनी खोलकर देखे तो कमरे मे मृतक अपना पैन्ट पहन रहा था जिसे






देखकर राजभान एवं उसके भाई बृजभान ने मिलकर मृतक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट की गई तथा उसे उसी कमरे में बंद कर बाहर से कमरे की सिटकिनी लगा दिये। मृतक को शाम करीब 04 बजे पूजा जायसवाल ने कमरे की खिड़की से देखा तो वह पखा से दुपट्टा का फंदा बांधकर फांसी पर लटक रहा था उब उसके द्वारा अपनी जेठानी सरोज जायसवाल को इस बात की जानकारी दी गई। मृतक की पीएम रिपोर्ट जिला अस्पताल उमरिया से प्राप्त हुई जिसमे पीएमकर्ता डाक्टर मुकुल तिवारी द्वारा मृतक की मौत का कारण फांसी लगाने से श्वासअवरोध के कारण होना लेख किये है तथा मृतक की शव पंचायतनामा कार्यवाही मे उसके हाथ एवं पैरों मे साधारण किस्म की चाट का निशान भी होना पाया गया है। मर्ग सदर अब तक की सम्पूर्ण जांच से पाया गया कि घटना दिनांक 22.04.2025 को आरोपी राजभान जायसवाल उर्फ संजय एवं बृजभान जायसवाल उर्फ राजू द्वारा मृतक के साथ मारपीट कर उसे कमरे में बंद करके उसे आत्महत्या हेतु दुष्प्रेरित कर आत्महत्या हेतु विवश करने का अपराध घटित किये जिसके कारण मृतक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाया गया है। अतः आरोपीगणों राजभान जायसवाल उर्फ संजय एवं बृजभान जायसवाल उर्फ राजू के विरूद्ध अपराध धारा 115(2),127(2),108,3 (5) बीएनएस के तहत दडनीय अपराध पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नकल मर्ग दटामरान अक्षरशा कौल है। सूचनाकर्ता राजभान जायसवाल पिता प्रहलाद जायसवाल उम्र 40 साल निवासी रमपुरी वार्ड नंबर 04 थाना कोतवाली उमरिया का थाना उपस्थित आकर मौखिक सूचना दिया कि हम तीन भाई है। मै सबसे बड़ा हूं। मझला भाई राजू जायसवाल सुभाषगंज मे किराये के मकान मे रहता है। छोटा भाई सुखीलाल जायसवाल मेरे मकान के बगल मे खुद के मकान में रहता है। सभी भाई उमरिया मे अलग अलग धंधा करते है। मैं चौपाटी मे चाऊमीन, डोसा का ठेला लगाता हूं। आज दिनांक 22.04.2025 को समय करीब 06 बजे सुबह छोटा भाई सुखीलाल बैढन सिंगरौली ठेला लेने गया था उसके घर मे उसकी पत्नी पूजा जायसवाल व लड़का अंश जायसवाल उम्र 06 साल का है ये दोनो थे। समय करीब 09 बजे मैं घर में काम कर रहा था तभी मेरा कर्मचारी संदीप कोल मुझे बताया कि तुम्हारे भाई सुखीलाल के घर में एक आदमी अन्दर गया है। तब में अपने मझले भाई राजू जायसवाल को फोन से बताया और बुलवाया तो वह हमारे घर आया। तब हम दोनों भाई भयऊ (बहु) पूजा जायसवाल से पूछे कि तुम्हारे कमरे से कौन आया है तो वह बोली कि तुम्हारे कमरे मे कौन आया है तो वह बोली कि कोई नही है। वह अपने कमरे मे बाहर से सिटकिनी बंद करके बाहर खड़ी थी। तब शंका होने पर सिटकिनी खोलकर मैं व मेरा मझला भाई राजू दोनो, छोटे भाई के कमरे मे गये तो देखे कि एक आदमी कमरे मे पैन्ट पहन रहा था तब मैं उससे पूछा कि कहां के हो तो वह अपना नाम प्रभात जायसवाल निवासी शाहपुर जिला मऊगंज का होना बताया।

उससे पूछे कि यहां क्यों आये हो तो बताया कि पूजा से मेरी 06 माह से फोन से बात चल रही थी उससे मिलने आया हूं। तब में यह बात अपने छोटे भाई सुखीलाल को बताया तो वह बोला कि उसे वहीं रखना जब तक मै वापस नही आता हूं। तब मै एवं मेरा भाई राजू दोनो उसे कमरे में बैठाकर बाहर से कमरे की सिटकिनी लगाकर अपने काम में चले गये। करीब 06. बजे शाम मेरी घर वाली सरोज जायसवाल फोन लगाकर मुझे बताई कि सुखीलाल के कमरे मे जो आदमी था वह पंखे में गहरे नीले रंग की साड़ी बांधकर फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर मरा हुआ जटका है। तब में वहां जाकर देखा तो वह आदमी फांसी के फंदे पर लटका हुआ है जो खत्म हो सुहैब में आपड़ोस वालों भाई लोगों को घटना की बात बताया। इसके बाद रिपोर्ट करने याना आया। रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।



## गांजे की खेती पर कार्यवाही पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय स्थित सिविल लाइन थाना चौकी की पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरतराई में छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी गया सिंह गोंड के घर की तलाशी ली,तलाशी के दौरान घर की बाड़ी में सात नग प्रतिबंधित गांजे के पेड़ मिले,इसके अलावा घर में भी 666 ग्राम ग्राम गांजा मिला है,पुलिस ने गांजा सहित पेड़ बरामत कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध थाने में पुलिस ने 8/20। एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की है,आरोपित को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा,कार्यवाही में सिविल लाइन थाना प्रभारी बृजकिशोर गर्ग, वीरेंद्र सिंह, रोशन सहित राजेंद्र एवं पूरे स्टाफ स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।



## बांधवगढ में वनकर्मी समेत 3 लोगों को घायल करने वाली बाघिन का किया गया रेस्क्यू

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बांधवगढ टाईगर रिजर्व अंतर्गत विगत एक माह में दो बार कोठिया और कुशमाहा ग्राम में घुसकर एक वनकर्मी समेत 3 लोगों को घायल करने वाली बाघिन का गत दिवस ग्राम कोठिया और कुशमाहा के नजदीक कक्ष आर एफ 428, बीट पनपथा, रेंज पतौर से रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के बाद बीटीआर में ही इनक्लोजर में भेजा गया, जहां नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक बीटीआर, सहायक संचालक पनपथा, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी बांधवगढ़ और संजय टाइगर रिजर्व, रेंजर पतौर, रेंजर पनपथा कोर, रेस्क्यू टीम, तीन हाथी (सूर्या, लक्ष्मण और गणेश) एवं अन्य फील्ड स्टाफ उपस्थित रहा।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान 2025 के तहत बालिकाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

सिंगरौली।

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की तैयारियों के तहत प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 20 शासकीय विद्यालयों से चयनित 103 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाए जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 19 मई से 15 जून 2025 तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से स्वस्थ और सक्षम हैं।







यह परीक्षण डॉ. बीसी चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक ;चिकित्सा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके साथ डॉण् हेमा उराव ;वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ तनय पटेल ;स्पेशलिस्ट और डॉ भगवत सिंह लोधी ;जीडीएमओ की अनुभवी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर बालिकाओं की ऊँचाई वजन हीमोग्लोबिन स्तर और सामान्य शारीरिक स्थिति की जाँच की गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण का उद्देश्य न केवल प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करना थाए बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और आत्मविश्वासी शुरुआत देना भी था।

एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# खनिक अभिनंदन दिवस 2025 के अवसर पर सम्मानित हुए उत्कृष्ट कोयला क्षेत्र, इकाई एवं कर्मी

**सिंगरौली।** एनसीएल में गुरुवार को खनिक अभिनंदन दिवस- 2025 के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोयला क्षेत्रों, इकाईयों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी एनसीएल परियोजनाओं को विभिन्न मानकों पर दो श्रेणियों (ए और बी) में बांटा गया था । पहली श्रेणी में सालाना 15 मिलियन टन से अधिक तथा दूसरी श्रेणी में 15 मिलियन टन से कम कोयला उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को रखा गया। सर्वाधिक कोयला उत्पादन के लिए ग्रुप ए में जयंत तथा ग्रुप बी में बीना और सर्वाधिक विभागीय अधिभार हटाव के लिए दूधीचुआ क्षेत्र (ग्रुप ए) एवं बीना क्षेत्र (ग्रुप बी) को सर्वश्रेष्ठ परियोजना के रूप में चुना गया । विगत वर्ष की तुलना में वर्ष



2024-25 में कोयला उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए व बी में निगाही व झिंगुरदा क्रमशः, तथा विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में कोयला प्रेषण में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए में दूधीचुआ एवं श्रेणी बी में झिंगुरदा परियोजना को सम्मानित किया गया। विगत वर्ष की तुलना में विभागीय अधिभार हटाव में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए खड़िया व कृष्णशिला को पुरस्कृत किया गया । सर्वाधिक क्षमता उपयोगिता के लिए जयंत व कृष्णशिला, विगत वर्ष की तुलना मे कोयला स्टॉक में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, कोयले के प्रतिशत ग्रेड की स्वीकृति के लिए निगाही व ब्लॉक-बी, सर्वाधिक विभागीय ओएमएस के लिए जयंत व बीना, प्रति टन न्यूनतम उत्पादन लागत की श्रेणी में जयंत व कृष्णशिला, सर्वाधिक अनुमानित लाभप्रदता के लिए जयंत व कृष्णशिला चयनित हुए । पूर्व वर्ष की तुलना में डीजल खपत में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए खड़िया व ब्लॉक-बी, न्यूनतम बिजली खपत में अमलोरी व बीना पुरस्कृत हुए । पाउडर फैक्टर की श्रेणी मे कोयले के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, अधिभार हटाव (शॉवेल-डंपर) के लिए दूधीचुआ व कृष्णशिला, अधिभार हटाव (ड्रैगलाइन) के लिए खड़िया व बीना पुरस्कृत हुए। भारी मशीनों की सर्वाधिक उपलब्धता की श्रेणी मे ड्रैगलाइन के लिए खड़िया एवं बीना, शॉवेल के लिए दूधीचुआ व झिंगुरदा तथा डंपर के लिए निगाही व ककरी विजेता बनी । भारी मशीनों की सर्वाधिक उपयोगिता की श्रेणी मे ड्रैगलाइन के लिए खड़िया एवं बीना, शॉवेल के लिए जयंत व झिंगुरदा तथा डंपर के लिए जयंत व ककरी ने बाजी मारी। पूर्व वर्ष की तुलना में शॉवेल-डंपर प्रणाली की क्षमता के उपयोग मे सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि के लिए दूधीचुआ व झिंगुरदा विजेता बने। जेम-पोर्टल से सर्वाधिक सामान व सेवाएँ खरीदने के लिए निगाही व बीना सर्वश्रेष्ठ कोयला क्षेत्र बने । निगमित सामाजिक दायित्व के बजट के सर्वाधिक प्रतिशत उपयोग के लिए खड़िया व झिंगुरदा को चयनित किया गया । बजट के सापेक्ष सर्वाधिक प्रतिशत पूंजीगत व्यय के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, सर्वाधिक अवधि के लिए शून्य दुर्घटना की श्रेणी में खड़िया, बीना व ककरी को चुना गया। पिछले पांच वर्ष में शून्य दुर्घटना के लिए खड़िया व झिंगुरदा को विशिष्ट पुरस्कार दिया गया। पर्यावरण मानकों के बेहतरीन अनुपालन के लिए अपनीङ्कअपनी श्रेणियों में अमलोरी व कृष्णशिला, सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक सम्बन्ध के लिए अमलोरी व बीना पुरस्कृत हुए । इसके साथ ही अमलोरी व ककरी को विगत वर्ष की तुलना में इन्वेंटरी में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए विशिष्ट पुरस्कार से नवाजा गया।

## जिले को मिली बोलेरो वाहन

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मंडला जिला प्रशासन को 2 नए बोलेरो वाहन शासकीय मद से प्राप्त हुए हैं। शुक्रवार को दोनों नए वाहनों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं ने हरी झंडी दिखाई। कलेक्ट्रेट परिसर में इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा कलेक्टर सोमेश मिश्रा उपस्थित रहे।

## लाईजिनिंग अधिकारी नियुक्त

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 4 एवं 5 मई को ग्राम रामनगर तहसील बिछिया जिला में आदि उत्सव कार्यक्रम होना है जिसमें व्हीआईपी अतिथियों का सर्किट हाउस मण्डला में आगमन होना प्रस्तावित है। व्हीआईपी अतिथियों के सर्किट हाउस मण्डला में आगमन के दौरान स्वागत बोडिंग लॉजिग परिवहन एवं विदाई संबंधी सभी कार्यों के लिए पंकजध्वज मिश्रा नियुक्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के रामनगर में 4 एवं 5 मई को आदि उत्सव का कार्यक्रम संपन्न होगा। आदि उत्सव कार्यक्रम में 4 मई को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन प्रस्तावित है। केन्द्रीय मंत्री जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार जुएल ओराम विशिष्ट अतिथि तथा मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय कुंवर विजय शाह, अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग अंतरसिंह आर्य, मंत्री जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्रालय राजस्थान शासन बाबूलाल खराड़ी, मंत्री सामाजिक कल्याण मंत्रालय महाराष्ट्र सरकार अशोक उइके, राज्यमंत्री समाज कल्याण अनु.जा. एवं जन. कल्याण मंत्रालय उ.प्र. सरकार संजीव गोंड़, मंत्री आदिवासी मंत्रालय गुजरात सरकार डॉ. कुबेर डिंडोर एवं मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी म.प्र. शासन श्रीमती संपतिया उइके अतिथि होंगे। आदि उत्सव कार्यक्रम में 5 मई को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री जन.जा. कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गादास उइके एवं राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती सावित्री ठाकुर, मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी म.प्र. शासन श्रीमती संपतिया उइके होंगे।

## राज्यमंत्री 5 को आएगी मंडला

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** राज्यमंत्री श्रीमती सांवित्री ठाकुर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार 5 मई को सुबह 10 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर मंडला आगमन कर आंगनबाड़ी और वन स्टॉप सेंटर मंडला का निरीक्षण करेंगी। आप दोपहर 1 बजे रामनगर में आदि उत्सव समारोह में सहभागिता कर सायंकाल 5 बजे मंडला से अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगी।

## तिलरी में लाड़ली उत्सव

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** प्रशासक वन स्टॉप सेंटर ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव ग्राम पंचायत तिलरी सेक्टर मोचा परियोजना बिछिया पंचायत सदस्य, वार्ड पंच दुर्गेशनी सल्लाम, अनिल कुमार ग्राम रोजगार सचिव, मोबिलाईजर पूनम कार्तिकेय, सीएचओ दीपिका धिंगना, एएनएम रामकली मरकाम एएनएम मल्टी धुर्वे सुपरवाइजर जेएन पंद्रो, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक मधुलिका उपाध्याय की उपस्थिति में लाड़ली उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम कन्यापूजन किया गया। लाड़ली बालिका ममता यादव द्वारा मंच संचालन किया गया।

## शतरंज में आशुतोष ने मारी बाजी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वुशू खिलाड़ी आशुतोष जायसवाल वुशू खेल के साथ अब शतरंज में भी अपनी धाक जमा रहे हैं। विगत दिवस मोंटफॉर्ट विद्यालय में इंटरहाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग से अलग-अलग छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता करी। जिसमें 14 वर्षीय आयु वर्ग में कक्षा छठवीं के छात्र आशुतोष जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अग्रिम राउंड के लिए चयनित हुए। जिससे विद्यालय प्राचार्य शिक्षक व अभिभावकों ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## श्रमिक परिवारों को अनुग्रह सहायता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री ने उमरबन जिला धार में आयोजित सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र विवाह बंधन में बंध रहे नव दंपत्तियों को शुभाशीष दिया। उन्होंने अक्षय तृतीया के पवित्र दिन के अवसर पर प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम की जयंती की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रदेश के श्रमिक परिवारों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजनान्तर्गत 27 हजार 523 श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से खातों में अंतरण किया।

# हरियाणा के कृषि माफिया की कीटनाशक फैक्ट्री हुई सील

# किसानों ने कहा हम गरीबों का आखिर क्यो चूस रहे हो खून





मण्डला (स्वतंत्रमत)

खेती किसानी में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशक दवा एवं अन्य सामग्रीयों के नकली बेचे जाने के अनेक मामले सामने आ चुकें हैं। जिले के भोले भाले किसानों को ठगने के लिए कृषि माफिया तेजी से पैर पसार रहे हैं जिले में सैकड़ो की संख्या में दुकानों का संचालन हो रहा हैं जहां पर कीटनाशक दवा पॉवडर, यंत्र, खाद, बीज के साथ अन्य सामग्री बिना मानक स्तर के साथ नकली बेची जा रही है। जिसकी नियमित जांच पड़ताल नही हो रही हैं। पूरे जिले भर में दुकानों के साथ अब फैक्ट्री भी संचालित होने लगी हैं। और किसानों को ठगने के लिए नए नए नामों से अनेक दवा सामग्री बाजार में परोसी जा रही हैं। किसान परेशान है लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो रही है। ऐसा ही एक मामला नैनपुर के निवारी क्षेत्र रशियन केमिकल इंडस्ट्रीज उमरिया तहसील नैनपुर जिला मंडला का आया हैं जहां पर कृषि विभाग के संयुक्त दल ने बीते दिनों दबिश दी है। जहां पर बड़ी मात्रा में बिना बिल बाऊचर और चालान के बड़ी मात्रा में कीटनाशक पाई गई हैं। लंबे समय से संचालित इस फैक्ट्री को बिना अनुमति के चलाया जा रहा था सूत्र कहते हैं कि इस मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों को की गई। जहां से टीम गठित की गई इस टीम में अश्विनी झारिया सहायक संचालक कृषि विभाग जबलपुर, प्रफुल्ल घोडेश्वर सहायक संचालक सिवनी, पंकज शर्मा उवर्रक निरीक्षक, देवेन्द्र कुमार बारस्कर इंस्पेक्टर गुण नियंत्रण सह सहायक संचालक, सुनील भांगडे कृषि विभाग सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मंडला जबलपुर और सिवनी के शामिल रहे जिन्होंने जब फैक्ट्री की जांच पड़ताल की तो इनके पैरो तले जमीन किसक गई। बिना किसी वैध दस्तावेज के यहां पर धड़ल्ले से फैक्ट्री का संचालन हो रहा था जिसका माल पूरे महाकौशल में बेचा जा रहा था गरीब, अनपढ़ और नासमझ किसानों को कई वर्षो से घटिया कीटनाशक दवा पॉवडर और अन्य सामग्री बेची जा रही थी वह भी महंगे दामों पर फिलहाल मामले की पड़ताल की जा रही है। गुरुवार को कृषि विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध रूप से संचालित केमिकल इंडस्ट्रीज पर छापा मारा है जहां अवैध तरीके से कीटनाशक एवं फफूंदनाशक दवाइयां पाई गई। इसके साथ ही अन्य दस्तावेजो की जांच की गई। जिसमें अनियमितता पाई गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए रशियन केमिकल इंडस्ट्री को सील कर दिया गया है इसके साथ ही विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। गठित दल द्वारा 1 मई को रशियन केमिकल इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया की गोदाम मे 41 क्विंटल सल्फर 250 लीटर कीटनाशक एवं अन्य 1400 लीटर चिपको एवं अन्य फफूंदनाशक दवाएं रखी हुई थी जिसके बिल, बिल्टी एवं चालान फर्म के पास नहीं पाए गए हैं तथा रशियन केमिकल इंडस्ट्रीज मुडलाना सोनीपथ हरियाणा से प्रदेश एवं जिले के अंदर का व्यवसाय करने के लिए (संयुक्त संचालक गुण नियंत्रण) संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास मप्र भोपाल से 2025 हेतु वैद्य अनुमति भी प्राप्त नहीं होना पाया गया। उपरोक्तानुसार कमियां पाये जाने पर कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 4 (1)एवं 1971 के नियम 10 बी (सी)का उल्लंघन करने पर टीम द्वारा गोदाम सील करके विक्रय प्रतिबंध किया गया है तथा केएस नेताम संयुक्त संचालक कृषि एवं मधु अली उप संचालक कृषि मण्डला को निरीक्षण पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रशियन केमिकल इंडस्ट्रीज के संचालक रामधन जाट का उर्वरक लाइसेंस निरस्त कर कड़ी कार्यवाही करने की अनुशंसा की गई हैं। फसलों के बचाव के लिए किसान कीटनाशकों का प्रयोग कर रहा है लेकिन बाजार में अमानक कीटनाशकों की भरमार है। कीटनाशक बेचने वाले डीलरों के यहां दवाओं की सैम्पिलिंग भी नहीं हुई है। यही हाल बीज और फर्टिलाइजर का है। इसके उलट अधिकारी दावे कर रहे हैं कि सैम्पिलिंग हुई है कहीं तीखी धूप से सूखे जैसे हालात के बाद भी पनप रही खरीफ फसल सोयाबीन, धान, मूंग, उड़द में कई तरह के रोग जकड़ते हैं। गन्ने में भी एक कीट काफी सक्रिय है। सोयाबीन में पीला मोजेक और मूंग-उड़द में उकटा रोग पनप रहा है। जिसे देखकर किसान परेशान हैं कि अच्छी फसल की उम्मीद के उलट उसके अरमानों पर बरसात ने पानी फेर दिया गया है। पनप रहे कीटों से फसल को निजात दिलाने के लिए वह बाजार से कीटनाशक ले रहा है लेकिन इन दिनों बाजार में अमानक कीटनाशक की भरमार है। तरह-तरह की तरल दवाएं मनमाने दामों में हैं। बावजूद इसके किसान ऐसी कीटनाशक दवाओं को खरीदकर और फसल पर उसके इस्तेमाल के बावजूद देख रहा है कि फसल बेअसर है कीट की मात्रा बढ़ रही है दवा का कोई भी प्रभाव कीट पर नहीं है। उधर जिम्मेदार अमला कृषि विभाग बाजार में धड़ल्ले से बिक रहे कीटनाशकों की न तो सैम्पलिंग कर पा रहा है और न ही अमानक कीटनाशक पर कोई नकेल लग पा रही है। अधिकारी यह जरूर कह रहे हैं कि वह कार्रवाई कर रहे हैं। यहां विभागीय उदासीनता का खामियाजा किसानों को ऊंची कीमत में नकली दवाईयां खरीद कर भुगतना पड़ रहा है। इससे कंपनी की शिकायत के बाद ही गिनती के लोगों पर कार्रवाई की जाती है, जबकि बड़े मिलावटखोर अब भी गिरफ्त से बाहर है।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव पर हुए कार्यक्रम



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** झंकार भवन में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा कन्या पूजन के साथ की गई। कार्यक्रम में लाड़ली बालिकाओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं ने गीत कविता एवं उदबोधन के माध्यम से मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाई। जनप्रतिनिधियों के द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र एवं दसवी-बारहवी में ग्रामीण स्तर पर प्रथम आने वाली 6 बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अपराजिता के अंतर्गत बालिकाओं के द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाली लाड़ली बालिकाओं को मोमेटों देकर सम्मानित किया गया। एक पेड़ बेटी के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण भी लाड़ली बालिकाओं के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती सालिनी तिवारी, लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लाड़ली लक्ष्मी एंजल जैन ने किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में आभार प्रदर्शन लाड़ली लक्ष्मी अर्पिता झारिया के द्वारा किया।

# दिनदहाड़े शिक्षिका के घर में चोरी



मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)

निवास क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं लगातार हो रही चोरियों से रहवासियों में दहशत है लोग अब दिन में भी सूना घर नही छोड़ रहे हैं। लोगों को अब अपने घर की तकवारी करनी पड़ रही है घर के पूरे सदस्य अब बाहर जाने से गुरेज करने लगे है लगातार निवास क्षेत्र में चोरी में चोरी हो रही हैं। रहवासियों का आरोप है कि पुलिस खूफिया तंत्र फैल हो चुका है। ऐसी ही एक घटना बीते दिनों ग्राम मानिकपुर निवासी शिक्षिका श्रीमती मिथलेश दुबे के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर सूने घर का ताला तोड़के लगभग 5 तोला सोने के जेवरात, आधा किलो चांदी तथा 20 हजार रुपए नगद की चोरी कर ली। शिक्षिका श्रीमती मिथलेश दुबे ने बताया कि वह सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर स्कूल जाती है तथा घटना दिनांक को शिक्षिका के पति भी घर से बाहर है इसकी जानकारी गांव के लोगों को ही थी अतः चोरी को अंजाम देने वाले चोर स्थानीय होने की संभावना जताई जा रही है इसके साथ ही मुख्य दरवाजे से प्रवेश करने वाले चोरों ने चोरी के बाद मुख्य दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया और पीछे के दरवाजे से बाहर निकल गए अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरी को अंजाम देने वाले चोर घर से भली भांति परिचित थे। दिन दहाड़े होने वाली चोरी पुलिस के लिए खुली चुनौती होने के साथ ही आम जनता के लिए खतरे की बात है लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# बुधवार बाजार का सीएमओ ने किया निरीक्षण

## निर्धारित स्थल पर बैठे सब्जी दुकानदारो ने अपनी व्यथा सुनाई



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगरपालिका क्षेत्र 7/1 एवं 7/2 में संचालित हो रही सब्जी मंडी में इन दिनों चारों तरफ अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। जिसकी शिकायत प्रतिदिन उपभोक्ताओं के द्वारा नगरपालिका प्रशासन को की जाती आ रही है। जिस पर संज्ञान लेकर 2 मई को सीएमओ डा.एल एस सारस, राजस्व निरीक्षक प्रेम चौटेल ने नपा कर्मचारियो के साथ सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान मोके पर देखा गया कि सब्जी दुकानों के निर्धारित स्थल सम्पूर्ण खाली पड़ा दिखाई दिया। वहीं दूसरी ओर नपा के द्वारा बनाए गये निर्धारित चबूतरों से हटकर सड़कों पर दुकाने लगी देखी गई। सब्जी दुकान दारो के लिए बनाए गये चबूतरों में जूता चप्पल कपड़ा सोना चांदी पत्तल दोना सहित अन्य दुकानें संचालित होना पाया गया। इसके अलावा व्यापारियों के अधिकांश चबूतरो में अपना अधिपत्य जमाकर गोदाम बनाकर उपयोग किया जा रहा है। नपा के द्वारा बनाए गये चबूतरों के बीच रास्ते पर ठेला रख आम उपभोक्ता का आवागमन बाधित किया जा रहा है।?

***निर्धारित स्थल पर बैठे सब्जी दुकानदारो ने अपनी व्यथा सुनाई***- सब्जी मंडी के नाम पर निर्धारित स्थल पर थोक विक्रेताओं का राज है। छोटे दुकानदार मुख्य बाजार से खदेड़ दिए गए हैं। पहले जहां मुख्य सब्जी बाजार होता था वहां हमेशा सन्नाटा पसरा रहता है। क्योंकि यहां नपा के बनाए गए दुकान सेटों में बड़े व्यापारियों का कब्जा है। जो यहां से अपनी थोक व फुटकर बाजार चलाते हैं। हालात यह है कि पुरानी बस्ती में पोस्ट आफिस के पीछे और सड़कों पर फुटकर दुकाने लगाई जा रही है। ऐसा इसीलिए हो रहा है क्योंकि मुख्य बाजार में इन्हें जगह ही नहीं दी जाती है। लिहाजा आबादी बस्ती के बीच तक दुकाने लगाई जा रही हैं। निर्धारित स्थाल पर 30 वर्षों से सब्जी दुकान लगाते आ रहे सब्जी व्यापारियों का कहना है कि दिनभर दुकान खोलकर बैठने के बाद 300 से 400 रूपये का धंधा होता है हम क्या कमायेंगे और क्या खायेंगे साहब ।

***रहवासी क्षेत्र की सड़कों पर लग रही सब्जी की दुकानें***- सब्जी विक्रेताओं को दुकान लगाने के उद्देश्य से निर्माण किए गए चबूतरों व निर्धारित सब्जी मंडी के खाली पड़े भू खंडों में सब्जी दुकान न लगाकर रहवासी क्षेत्र मे सब्जी की दुकानें लगाई जा रही है। जिससे रहवासी लोग परेशान हो रहे हैं। अनेकों बार रहवासी क्षेत्र के परिवारो द्वारा स्थानीय प्रशासन से लेकर सीएम हेल्पलाइ 181 में शिकायत दर्ज की गई किन्तु पीड़ित रहवासी जनों को आज दिनांक तक कोई लाभ नहीं मिल पिता। इस अन्याय पूर्ण वातावरण में रहवासी परेशान हलाकान होते आ रहे हैं।

***सब्जी मंडी में लग रही विभिन्न मदों की दुकाने***- सब्जी दुकानदारों को उत्तम व्यवस्था देने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा वर्ष 2009-10 में लाखों रुपए खर्च कर चबूतरों का निर्माण किया गया था। चबूतरों में कुछ दिनों के पश्चात अन्य व्यापारियों के द्वारा कब्जा कर अपनी मन मर्जी से दुकानें बनाकर संचालित की जाने लगी है। कहीं जूता चप्पल तो कही सीना चांदी की दुकाने तो कहीं कपड़े की दुकाने संचालित हो रही है। साथ ही कुछ चबूतरों में व्यापारियों के द्वारा गोदाम बनाकर कब्जा किया गया है जिन्हें कभी नहीं खोला जाता है। इसके बाबजूद खाली पड़े भूखंड पर फुटकर सब्जी विक्रेताओं के द्वारा अपनी दुकानें न लगाकर रहवासी क्षेत्र की सड़को पर लगाई जा रही है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया है। इंजीनियर ओर राजस्व अमला निर्धारित चबूतरों का नाप करने पश्चात दुकान दारो की सूची तैयार कर सब्जी मंडी को व्यवस्थित कर दुकानदारों को आवंटन किया जायेगा।

**डा. एल एस सारस**
**सीएमओ नैनपुर**

# नैनपुर में चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय प्रशासन चिंतित है। दुर्घटनाओं के बढ़ते अपराधों में अंकुश लगाने के लिए अब नैनपुर एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज ने स्वयं मोर्चा सम्भाला है। तहसीलदार नैनपुर विजय त्यागी और नैनपुर थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा के साथ वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। कल दिनभर नैनपुर एंव उसके ग्रामीण अंचलों में एक साथ यह अभियान संचालित रहा। जहां वाहन चालकों के विरूध्द संयुक्त वाहन चैकिंग ग्राम डिठौरी एवं कस्बा नैनपुर में आने जाने वाले भारी वाहनो की चैकिंग रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक की गयी । चैकिंग के दौरान कुल 14 वाहन चालकों के विरूध्द चालानी कार्यवाही कर 6 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया । इसके अलावा ओव्हर लोड डम्फर क्रमांक सीजी 04 पी एच 5789, डम्फर क्रमांक सीजी 08 एजी 2317 को जप्त कर खनिज विभाग की ओर जांच हेतु सौंपा गया। वाहन चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु भी समझाइस दी गई । एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर ने बताया गया कि वाहन चैकिंग की संयुक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# राजस्व के जबावदारों पर कलेक्टर का जुर्माना

मण्डला (स्वतंत्रमत)

म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करना प्रावधानित है। 17 मार्च की स्थिति में लोकसेवा केन्द्र एमपी ऑनलाईन ऑनलाईन ईकेवाईसी तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत पदाभिहित अधिकारियों द्वारा समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर समय सीमा के बाहर लम्बित प्रदर्शित हुए हैं। समय सीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर 9 राजस्व अधिकारियों पर 45 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। पोर्टल के अनुसार 54 आवेदनों में सेवा प्रदाय करने की अंतिम तिथि के उपरांत भी आवेदनों का निराकरण नहीं किया गया, जिसके संबंध में संबंधित राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे जिनके प्रतिउत्तर समाधानकारक नहीं पाए जाने के कारण अस्वीकृत करते हुए कलेक्टर ने मध्यप्रदेश लोकसेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 में विहित प्रावधानों के तहत हिमांशु भलावी तहसीलदार मंडला, श्री दिनेश वरकड़े तहसीलदार बिछिया, नितिन गौड़ तहसीलदार नारायणगंज, चंद्रकुमार वट्टे तहसीलदार घुघरी, विजय कुमार त्यागी तहसीलदार नैनपुर, संदीप कुमार नागोसे नायब तहसीलदार चिरईडोंगरी, कैलाश प्रसाद कोल नायब तहसीलदार मवई, हीरालाल तिवारी नायब तहसीलदार बम्हनी एवं अजय श्रीवास्तव नायब तहसीलदार अंजनिया पर क्रमशः 5-5 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की। शास्ति की राशि 3 दिवस के अंदर जमा कराते हुए चालान की एक प्रति जिला कलेक्टर कार्यालय में जमा कराना होगा।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला-मण्डला (म.प्र.)**

Office of Municipal Council Nainpur, District Mandla (M.P.)
Ph.No.07646-240106 Email ID-cmonanpur@mpurban.gov.in

NIT No. 313/PWD/NP/2025 नैनपुर Dtd 01.05.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_420312_1 दि.01.05.2025 | वार्ड क्र. 10 में मटन मछली मार्केट निर्माण कार्य | 3 माह 84,10,307/- | 10,000/- 63,100/- | 07.06.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, नैनपुर**

संपादकीय

## कश्मीर का नया चेहरा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में जिस तरह की एकजुटता और एकता देखने को मिली है वो किसी मिसाल से कम नहीं है। जिस तरह कश्मीरी लोगों और नेताओं ने पर्यटकों पर हमले के बाद रिएक्ट किया है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय कश्मीरियों, राजनीतिक दलों, और देशभर के लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में आवाज उठाई, जो कश्मीर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। श्रीनगर के जामा मस्जिद में पहली बार मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखा गया। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में जो स्पीच दिया उसमें राजनीति नहीं थी बल्कि भारत और भारतीयों के प्रति एक समर्पण भाव था। जाहिर है कि नेता की स्पीच अपने समर्थकों के लिए होती है। उमर अब्दुल्ला ने जिस तरह का भाषण दिया वह बदलते कश्मीर के अवाम की आवाज है।

अभी तक कश्मीर में आतंकवादियों को लेकर सहानुभूति रही है। याद करिए बुरहान वानी जैसे आतंकी लोगों के बीच पोस्टर बॉय बनकर उभर रहे थे। आतंकी हमले के बाद कभी भी यहां की अवाम के मुंह से विरोध के स्वर नहीं निकलते थे। लेकिन पहलगाम अटैक के बाद जिस तरह का विरोध कश्मीरियों ने किया है वो बताता है कि कश्मीर बदल चुका है या बदल रहा है। पर्यटकों पर हुए क्रूर हमले ने कश्मीरियों के बीच गहरा दुख और गुस्सा पैदा किया। स्थानीय कश्मीरियों ने इसे न केवल पर्यटकों पर हमला माना, बल्कि कश्मीर की शांति, पर्यटन, और अर्थव्यवस्था पर हमला माना। हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जब 15 ठिकानों पर छापेमारी की, तो उसमें स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। यह एक बदलाव है, क्योंकि पहले स्थानीय लोग अक्सर सुरक्षा बलों के प्रति संदिग्ध रहते थे। एनआईए की टीम ने पहलगाम में जांच शुरू की, और स्थानीय समुदायों ने आतंकियों की जानकारी देने में मदद की। पाकिस्तान की हालत किसी से छुपी हुई नहीं है। सोशल मीडिया और इंटरनेट ने पाकिस्तान की रोजमर्रा की परेशानियों को आम कश्मीरी भी समझने लगा है। पीओके की हालत भी कश्मीरियों को पता है। पीओके में हर रोज पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। पीओके से सरकार जमकर उगाही करती है पर वहां निवेश के नाम पर धेला भी नहीं खर्च करता है पाकिस्तान। पीओके के कई नेताओं ने भारत में शामिल होने की इच्छा जगाई है। दुनिया की जियो पॉलिटिक्स में भारत का बढ़ता दबदबा भी कश्मीरियों को समझ में आ रहा है। यही कारण है कि आम कश्मीरी भी पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगा रहा है। कश्मीर की अर्थव्यवस्था का रीढ़ पर्यटन है, कोई भी कश्मीरी नहीं चाहता है कि फिर पुराना दौर लौटे। कश्मीर घाटी में पहली बार स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किए। सबसे बड़ी बात यह रही कि श्रीनगर और अन्य क्षेत्रों में कश्मीरियों ने हम हिंदुस्तानी हैं, हिंदुस्तान हमारा है! जैसे नारे लगाए और आतंकवादियों की निंदा की। हो सकता है कि बहुत मामूली लेवल पर ऐसा हुआ हो पर यह शुरूआत शुभ है। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है, क्योंकि पहले कश्मीर में आतंकवाद के प्रति बहुत हद तक मौन समर्थन या तटस्थता देखी जाती रही है।

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है।



जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गर्माया जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा।

निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फ़ीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफ़ी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं।

भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवदेनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवत: भाजपा को सता रहा था। लेकिन भाजपा का यह डर या तो ख़त्म हो गया है, या फिर उसने बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी लाभ लेने के लिए ये क़दम उठाया है। भाजपा इसके ख़िलाफ़ थी, उसने जातिगत जनगणना को देश को बांटने की कोशिश करने वाला बताया था। लेकिन एनडीए में शामिल भाजपा की ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इसके पक्ष में हैं।

जातिगत जनगणना के आंकड़े 2026 या 2027 के अंत में आएंगे और तब तक बिहार और यूपी के चुनाव हो चुके होंगे। इसलिए इसका चुनावी लाभ लेने की बात सही नहीं है। वैसे भी भाजपा ने हाल के वर्षों में पिछड़ों और दलितों समुदाय को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की है। भाजपा इस जातिगत गणना से ये भी दिखाना चाहती है कि पिछड़ों के एक-आध समुदाय को छोड़ दें तो ओबीसी समुदाय का बड़ा हिस्सा उसके साथ है। वैसे तो विभिन्न राजनीतिक दल अमुक-अमुक जातियों का नेतृत्व करने के लिए केवल जाने ही नहीं जाते, बल्कि ऐसा दावा भी करते हैं। इसलिये जाति आधारित जनगणना का लाभ है तो हानि भी है। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जातिगत जनगणना वंचितों-पिछड़ों के उत्थान में सहायक बने, लेकिन यदि वह विभाजन को बल देती है और देश की एकजुटता प्रभावित करती है तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े सरकार और जनता के लिए खुले और पारदर्शी होने चाहिए, ताकि सामाजिक संबंधों, आर्थिक अवसरों और राजनीतिक गतिशीलता की नई एवं समानतामूलक दिशाएं उद्घाटित हो सके और भारतीय समाज की विविधता की एक व्यापक सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत की जा सके। कोई भी आंकड़ा तभी सराहनीय है, जब उससे विकास तेज करने में मदद मिलती हो, एक समतामूलक एवं संतुलित समाज की संरचना को बल मिलता हो।

# मसलों पर समय सीमा तय करने पर विवाद क्यों?



चैतन्य भट्ट

उच्चतम न्यायालय ने राज्यपालों और राष्ट्रपति के स्तर पर विधेयक स्वीकृत करने संबंधी समय सीमा निर्धारित क्या की, समूचे राजनीतिक जगत में जैसे भूचाल आ गया। नेताओं द्वारा इसे विधायिका की कार्यवाही में सीधा हस्तक्षेप मानते हुए इस कार्यवाही को न्यायपालिका द्वारा अपनी सीमा लांघने जैसे बयान दिए जाने लगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बयान दे डाला कि संविधान की मूल भावना के 'अंतिम स्वामी' चुने हुए जनप्रतिनिधि होते हैं और संसद से ऊपर कोई भी नहीं है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे तो इतने आगे चले गए कि, यदि सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए, और भारत में गृह युद्ध के लिए सीजेआई खन्ना जिम्मेदार हैं धनखड़ के बयान पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ कानूनविद कपिल सिब्बल मैदान में आए। उन्होंने कहा कि न तो संसद और कार्यपालिका नहीं संविधान सर्वोच्च है जिसके प्रावधानों की व्याख्या सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जाती है। इस देश ने अब तक कानून को इसी तरह समझा है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति का नाम तो नहीं लिय मगर कहा कि शीर्ष अदालत के हालिया फैसले, जिनकी कुछ भाजपा नेताओं और उपराष्टपति ने आलोचना की है, हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप और राष्ट्रीय हित से प्रेरित हैं। संसद को कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है मगर संविधान की व्याख्या करना और पूर्ण न्याय करना न्यायालय का दायित्व है। जहां तक निशिकांत दुबे का प्रश्न है भाजपा ने उनके बयानों से खुद को अलग कर लिया है लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ न्यायपालिका और विधायिका के बीच ऐसी परिस्थितियां निस्संदेह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मगर यह भी तय है कि किसी भी समृद्ध लोकतंत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए। तमिलनाडु के राज्यपाल के रवि के मामले को देखें तो तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा पारित अनेक विधेयक तो तीन साल से ज़्यादा की अवधि के बाद भी उनके कार्यालय में लंबित थे। और यह अकेला मामला नहीं है। विरोधी पक्ष की सरकारें वाले देश के कितने ही राज्यों में स्थितियां कमोबेश यही हैं। संवैधानिक रूप से राज्यपाल पद बेहद मर्यादित है और उस पर बिना किसी राजनैतिक दल या विचारधारा के प्रति पूर्वाग्रह के विशुद्ध रूप से राज्य सरकार की प्रशासनिक मदद का दायित्व है। टकराव की यह परिस्थितियां और राज्यपाल पद का राजनीतिक दुरुपयोग पहले भी होता रहा है और पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने तो चुनी हुई राज्य सरकार गिराने तक में इसका प्रयोग किया है।

जहां तक विधायिका का प्रश्न है, संसद की कार्यवाही कमोबेश हर सत्र में हंगामे और बहिष्कार का शिकार होती दिखती है। स्वस्थ बहस के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह संस्था अब सरकार और विरोध पक्ष के संघर्ष के लिए ज्यादा पहचानी जाती है। जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक सालों से लंबित पड़े हैं। सदस्यों के लंबित प्राईवेट विधेयकों की संख्या तो सैकड़ों पार कर रही है। यही हाल विधानसभाओं का है। महत्वपूर्ण विधेयक लंबित रहते हैं और जो स्वीकृत हो जाते हैं वे राजनीतिक रस्साकसी का शिकार होकर वर्षों राज्यपाल के स्तर पर धूल फांकते रहते हैं।

विधानसभा सत्र के दौरान उठाए गए प्रश्न या समस्या पर मंत्री की घोषणा आश्वासन बन जाती है। सत्र में पूछे गए प्रश्न के उत्तर के आधार पर भी आश्वासन बन जाते हैं। ऐसा आश्वासन निभाना संवैधानिक बाध्यता न सही नैतिक आवश्यकता तो है। यह चुनाव मंच पर किया गया वादा नहीं अपितु सदन जैसे संवैधानिक मंदिर में दिया गया भरोसा है। मगर इसके प्रति आवश्यक गंभीरता का सर्वथा अभाव है। मध्यप्रदेश विधानसभा के परिप्रेक्ष्य में ही ऐसे ढाई हजार के लगभग लंबित आश्वासन बताते हैं कि विधानसभा में किसी जनोपयोगी आवाज उठ भी जाए तो उसकी सुनवाई जरूरी नहीं है। क्या ऐसे आश्वासनों की पूर्ति के लिए समय-सीमा निर्धारित किया जाना आवश्यक नहीं है ?

यह लेट लतीफी सिर्फ संसद और विधानसभाओं की कार्यवाही तक ही सीमित नहीं है। निर्वाचित सरकारें जन सामान्य के हितों और शिकायतों से संबंधित कार्यों के समय-सीमा निर्धारित कर ही अपना दायित्व पूरा समझ लेती हैं। प्रदेश को ही लें, आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए बनाई गई सीएम हेल्पलाइन में पिछले अक्टूबर की स्थिति में 7 लाख से अधिक शिकायतें पेंडिंग थीं, जिनमें से 3 लाख से अधिक 100 दिनों की समय सीमा पार कर चुकी थीं। इनमें पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में राशि न मिलने, पीएम मातृ वंदन योजना, श्रमिक प्रसूति सहायता और जननी सुरक्षा, पुलिस विवेचना में लापरवाही और कोर्ट में केस पेंडेंसी और संबल योजना का लाभ न मिलने जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। तथाकथित निराकृत प्रकरणों में भी शिकायतें येन-केन प्रकारेण निपटाए जाने जैसे मामले ही ज्यादा थे।

सरकारों को समझना चाहिए कि उनका दायित्व सिर्फ जनोपयोगी योजनाएं बनाने तक ही सीमित नहीं है। अफसरशाही इन लाभों को जन-सामान्य तक पहुंचाने का जरिया है और अगर यह व्यवस्था ठीक काम नहीं करती और लाभ निर्दिष्ट व्यक्ति तक नहीं पहुंचता है तो सारा का सारा तामझाम व्यर्थ है। हर कार्य के लिए न सिर्फ समय-सीमा निर्धारित होना चाहिए बल्कि उसका पालन हो रहा है या नहीं इसके लिए भी एक पारदर्शी व्यवस्था निर्धारित होना चाहिए। यह समझ जितनी जल्दी आ जाए उतना ही अच्छा होगा। और अगर विधायिका ऐसा नहीं कर पाती है और न्यायालय हस्तक्षेप करता है तो फिर इसे सीमा का उल्लंघन कहना कदापि उचित नहीं होंगा।दूसरी तरफ न्यायालयों को भी इस बात पर विचार करना होगा कि अदालतों में लंबित मामलों की भी एक सीमा तय की जाय देखना होगा किस मसले पर विवाद कैसे हल हो सकेगा।

# जो स्वतन्त्र नहीं वो प्रेस नहीं



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'

लेखक/पत्रकार

जो स्वतन्त्र है वही प्रेस है, जो स्वतन्त्र नहीं वो पंपलेट है। प्रेस का सामान्य उद्देश्य आमतौर पर यही प्रचलन में है ,की जनता के मुद्दे उठाना,लेकिन मुख्यता ये काम विपक्ष का है,। प्रेस का सबसे जरूरी काम ये है की उन मुद्दों को उठाना जो जनहित के तो हैं, मगर कोई उसे तवज्जो नहीं दे रहा, गरीब की आवाज़ बनना वो अपने छोटे छोटे काम के लिए दफ्तरों के चक्कर काटता रहता है, और नेता उसे आश्वासन का झुनझुना थमाते रहते हैं , और जो वादे किए जनता से उसे याद दिलाना, और बेहद महत्वपूर्ण बात की नेता जिस बात का वो श्रेय ले रहे हैं, कहीं वो जनता का अधिकार तो नही है। एक सफल लोकतंत्र के लिए, एक स्वतन्त्र प्रेस ना सिर्फ़ ज़रूरी है, बल्कि लोकतंत्र का अहम हिस्सा है, और शायद इसीलिए प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इतिहास गवाह है कि सत्ता और पद के दुरुपयोग की संभावना रहती ही है। कई बार सरकारें जनहित के मुद्दों की गति धीमे कर देते हैं, वजह अनेकोनेक कारण बताए जाते हैं। दरअसल जनहित के मुद्दों से सरकार को कोई आर्थिक लाभ तो होता नहीं, उल्टे जनहित के मुद्दों पर सरकार का खजाना हाई खाली होता है, और जनहित के मुद्दे सरकार की संवैधानिक ज़िम्मेदारी भी है, और जनहित के वादों पर सवार होकर नेता सत्ता हासिल करते हैं। टू जनहित के मुद्दों की गति धीमी कर दो, कुछ समय के लिए रोक दो, आवाज उठने पर फिर शुरु कर दो। सरकार की ऐसी नियति को प्रेस उजागर करता है। निश्चित तौर पर ये जोखिम भरा काम है, क्योंकि सरकार इसे अपने विरुद्ध मानती है। जबकि प्रेस का यही दायित्व है, और ये प्रेस का संवैधानिक अधिकार भी है, भारत के संविधान मे वर्णित 19 (1)(ए) के तहत प्रत्येक व्यक्ती को विचार एवम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है । ये अधिकार स्वतन्त्र पत्रकारिता को बढ़ावा देता है, तथा लोगों को सरकार कार्यों के पक्ष मे या नामांकन मे अपनी राय देने का अवसर देता है। लेकिन राष्ट्र की अखंडता और रक्षा विवरण के लिए 19(2) के तहत कुछ प्रतिबंध भी है, अभिव्यकति के प्रति। प्रेस की स्वतंत्रता अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता एक अहम भाग है, जो ना सिर्फ़ लोगों को विचारों को अभिव्यक्त करने का मंच प्रदान करता है। तो वहीं प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र को भी मजबूत करती है, लोगों को सरकार की नीतियों से ना सिर्फ अवगत कराती है, बल्कि लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत भी करती है। निश्चित तौर पर प्रेस सरकार पर एक अघोषित अंकुश के रुप में काम करता है, लेकिन सरकारें समय समय पर इस अंकुश की धार कुंद करती रहती है। विश्व प्रेस स्वतन्त्रता सूचकांक, को स्वतंत्रता के स्तर के अनुसार देश एवं क्षेत्र को रैंकिंग प्रदान करता है , इसे रिपोर्ट्स विदाआउट द्वारा वर्ष 2002 से लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। प्रत्येक देश या क्षेत्र का आंकलन पांच संवैधानिक और सुरक्षा का उपयोग किया जाता है। राजनैतिक आर्थिक, समाजिक, सांस्कृतिक और सुरक्षा।100 मे से 36.2 अंको के साथ भारत 161 वें स्थान पर है,180 देशों की सूची में। वहीं 2022 मे भारत 150 वे स्थान पर था । यह एक गंभीर अनुस्मार्क है, प्रेस की स्वतंत्रता एक विशेषाधिकार ही नहीं, बल्कि एक मानव अधिकार है, जो उन्हें सूचित करता है तथा सत्ता मे बैठे लोगों को सचेत भी करता है। विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस का उद्देश्य यही है कि पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों आर खतरों जैसी सेंसरशिप धमकी उत्पीड़न यहां तक कि हिंसा जैसी घटनाओं के प्रति विश्व का ध्यान आकृष्ट करना। ये ऐसी परिस्थितियां है, जिससे पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा की मांग करता है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती रुपए की ताकत एवं भारत में बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार



प्रह्लाद सबनानी

सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

दिनांक 7 फरवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत सबसे निचले स्तर अर्थात 87.44 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई थी। इसके बाद धीरे धीरे इसमें सुधार होता हुआ दिखाई दिया है एवं अब दिनांक 30 अप्रैल 2025 को यह 84.50 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। वहीं दिनांक 18 अप्रेल 2025 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ 68,610 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और यह दिनांक 27 सितम्बर 2024 के उच्चतम स्तर 70,489 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के बहुत करीब है। भारतीय रुपए की मजबूती एवं विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ऐसे समय में हो रही है जब विश्व के समस्त देश अमेरिकी प्रशासन के टैरिफ युद्ध का सामना करते हुए संकट में दिखाई दे रहे हैं। परंतु, भारत पर टैरिफ युद्ध का असर लगभग नहीं के बराबर दिखाई दे रहा है। यह भी सही है कि हाल ही के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ा है और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स लगभग 109 के स्तर से नीचे गिरकर दिनांक 30 अप्रेल 2025 को 99.43 के स्तर पर आ गया है। शायद अमेरिका भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को कम करना चाहता है ताकि अमेरिका में आयात महंगे हों एवं अमेरकी निर्यातकों को अधिक लाभ पहुंचे। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव के बढ़ने से सोने की कीमतों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है और यह दिनांक 22 अप्रैल 2025 को अपने उच्चतम स्तर 3500 अमेरिकी डॉलर प्रति आउन्स पर पहुंच गई थी। साथ ही, अमेरिकी शेयर बाजार भी धराशायी हुआ है और डाउ जोंस एवं अन्य इंडेक्स में भारी गिरावट दर्ज हुई है। अब ऐसा आभास हो रहा है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध छेड़े गए टैरिफ युद्ध का विपरीत असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होता हुआ दिखाई दे रहा है।

भारतीय रुपए के मजबूत होने के चलते भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार पुन: अपना निवेश बढ़ाने लगे हैं एवं पिछले लगातार 8 दिनों से इन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में शेयरों की भारी मात्रा में खरीद की है। जबकि, सितम्बर 2024 के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार अपना निवेश निकाल रहे थे और इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री भारतीय शेयर बाजार में की है। जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी इंडेक्स में लगभग 3500 अंकों की भारी गिरावट दर्ज हुई थी। परंतु, भारतीय संस्थागत निवेशकों, भारतीय म्यूचअल फण्ड एवं खुदरा निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाकर भारतीय पूंजी बाजार को सम्हालने में मदद की है अन्यथा भारतीय शेयर बाजार क्रेश हो गया होता। परंतु, अब भारतीय शेयर बाजार में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है एवं अब एक बार पुन: यह आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही के समय में निफ्टी इंडेक्स में लगभग 1500 अंकों की वृद्धि दर्ज हुई है।



वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के विदेशी व्यापार में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विभिन्न देशों को भारत से निर्यात 5.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 82,093 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं वहीं अन्य देशों से भारत में होने वाले आयात 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,519 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि दर अधिक रही है जिसके चलते भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 9,426 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। व्यापार घाटे के बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बढ़ा और रुपया कमजोर हुआ। भारत में कच्चे तेल एवं स्वर्ण का आयात भारी मात्रा में होता है। मुख्य रूप से इन्हीं दो मदों की कीमतें भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ीं थी, जिसका प्रभाव भारत में अधिक आयात के रूप में दिखाई दिया है। परंतु, अब हर्ष की बात है कि कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल से घटकर लगभग 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल पर नीचे आ गई है और स्वर्ण के महंगे होने के चलते स्वर्ण का आयात भी कुछ कम हुआ है। उक्त दोनों घटनाओं के परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होता हुआ दिखाई दे रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है। जबकि यूरोप के कुछ देशों यथा जर्मनी, कनाडा आदि एवं ब्रिटेन तथा अमेरिका में मंदी की सम्भावनाएं स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका में तो वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में आर्थिक विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। लगभग यही हाल यूरोप के कई देशों तथा जापान आदि का है। चीन की आर्थिक विकास दर में भी गिरावट आती हुई दिखाई दे रही है। यदि जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2025 एवं 2026 में गिरावट दर्ज होती है और भारतीय अर्थव्यवस्था 6 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर लेती है तो बहुत सम्भव है कि वर्ष 2025 में जापान एवं वर्ष 2026 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व में अमेरिका एवं चीन के बाद तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने के पीछे भारत की आंतरिक मजबूती मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई दे रही है। भारत में अभी हाल ही में महाकुम्भ मेला सम्पन्न हुआ है, इस महाकुम्भ में लगभग 66 करोड़ भारतीय मूल के नागरिकों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी मात्रा में नागरिकों के यहां पहुंचने से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल ही मिला है। महाकुम्भ में भाग ले रहे प्रत्येक नागरिक ने औसत रूप से यदि 2000 रुपए भी प्रतिदिन खर्च किए हों और प्रत्येक नागरिक ने औसतन कुल तीन दिवस भी महाकुम्भ में बिताएं हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था को 396,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ पहुंचा है। रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हुए हैं, यह अलग लाभ रहा है।

आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया गया जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक देश को मिलता रहेगा। देश में धार्मिक पर्यटन भी भारी मात्रा में बढ़ा है जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अच्छे रूप में दिखाई दे रहा है। धार्मिक पर्यटन एवं महाकुम्भ के चलते ही अब यह आंकलन हो रहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हो सकती है।

# नगर परिषद् चीचली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा की अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश संतोषी वासनिक की देखरेख में नगर परिषद चीचली में नशा पीडितो को विधिक सेवाएं,, विषय पर न्यायाधीश सूरज सिंग राठौड, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र गाडरवारा की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर मे न्यायाधीश सूरज सिंग राठौड, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गाडरवारा ने उपस्थित समस्त व्यक्तियों को नशे के दुरूपयोग के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं उपस्थित ग्रामीणजनो को व्यसन से मुक्ति हेतु चिकित्सीय




उपचार एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श लिए जाने एवं व्यसन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करने संबंधी जानकारी दी। साथ ही नशीली वस्तुयें जैसे तंबाकू शराब, गांजा, बीडी इत्यादि को इसे छोडने की सलाह एवं समझाईष दी गई। नशामुक्ति केन्द्र में उपचार व परामर्श कराकर नशे की लत छोडने की सभी से अपील की। उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं एवं उनके अधिकारों एवं अधिकारों के हनन होने पर कानूनी प्रकिया के बारे में भी अवगत कराया। इसके अतिरिक्त पशु परीक्षण अधिनियम, पीडित प्रतिकर योजना एवं विधिक सहायता/सलाह योजना, पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना, मजिस्ट्रेट न्यायालयों में विधिक सहायता अधिवक्ता योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं आगामी नेशनल लोक अदालत में 10 मई को सुलह समझौते के माध्यम से मामला निराकृत कराना चाहते हैं तो वह समझौता वार्ता हेतु न्यायालय में यथाशीघ्र आवेदन प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष शेख मंजूर ने न्यायाधीष का स्वागत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरके मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। उक्त शिविर में दीपक दुबे इंजीनियर, नेहा किरार, गणेश ताम्रकार पार्षद, चंद्रभान राजगौड पार्षद, विनय ताम्रकार पार्षद एवं नगरवासी तथा कार्यालयीन शिखा सोनी, पीएलव्ही शेख रहीम, संतोष चौरसिया ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# 10 मई की नेशनल लोक अदालत के संबंध में विद्युत एवं पुलिस विभाग के साथ बैठक आयोजित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा अध्यक्ष संतोषी वासनिक, द्वितीय जिला एवं न्यायाधीश की देखरेख में 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में गत दिवस सिविल न्यायालय गाडरवारा में पुलिस एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सूरज सिंह राठौड एवं पुलिस विभाग से मधुर पटेरिया, एसडीओपी तेंदूखेडा, विजयपाल सिंह, थाना प्रभारी पलोहा, सौरभ पटैल निरीक्षक तेंदूखेडा, अमित गोटिया एसआई, एवं विद्युत विभाग से आशुतोष ओझा ईई, विमल कुमार सोनी एई, जेई रोहित कुमार यादव, सुबोध, उमेश कुमार बाल्मीक जेई डोभी, प्रतीक्षा परधे जेई गाडरवारा, भूपाल सिंह उईके जेई सिहोरा, आशीष पटैल एई, पीके धुर्वे जेई सांईखेडा, राकेश कुमार सिंह जेई कोडिया, मनीष कुमार बकोडे जेई सालीचौका एवं बसंत तपा अधिवक्ता की उपस्थिति



रही। उक्त बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण समझौते के आधार पर करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही छूट के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने, अधिक से अधिक सूचना पत्र जारी किए जाने हेतु एवं पुलिस अधिकारियों को राजीनामा योग्य प्रकरणों में अधिक से अधिक तामीली सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। गाडरवारा तहसील के निवासियों से यह अपील की कि यदि उनके मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति मामले, चैक बाउंस, बिजली से संबंधित, पारिवारिक विवाद, राजीनामा योग्य धाराओं वाले आपराधिक प्रकरण गाडरवारा न्यायालय में विचाराधीन हैं और यदि वे राजीनामा के माध्यम से अपना प्रकरण आगामी नेशनल लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से निराकृत कराना चाहते हैं तो वे समझौता वार्ता हेतु न्यायालय में यथाशीघ्र आवेदन प्रस्तुत करें।

# अपर कलेक्टर ने किया ग्राम मिड़ली में राजस्व कैम्प का निरीक्षण

नरसिंहपुर/स्वतंत्रमत

अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने जिले की करेली तहसील के ग्राम मिड़ली में लगाये गये राजस्व कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां फार्मर रजिस्ट्री तथा पीएम किसान ई- केवायसी के कार्य का जायजा लिया। इसी कड़ी में जिले के राजस्व अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित राजस्व कैम्प का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत जिले के किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की शुरूआत की गई है। इसमें प्रत्येक किसान के लिए एक यूनिक फार्मर आईडी बनायी जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का एक डाटावेस तैयार किया जा रहा है। जिससे किसानों को कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया से आसान ऋण प्राप्त करने के साथ? विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि, फसल और कृषक की जानकारी का सत्यापन इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जा सकेगा। इससे भौतिक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राहियों को जमीन लिंक, आधार एवं बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल एवं ई- केवायसी होना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जावे, जिससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों की ई-केवायसी करवायें। राजस्व कैम्प में अधिक से अधिक किसानों की ई-केवायसी की जावे और फार्मर रजिस्ट्री बनाई जावे।

# विधायक निवास में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने की जनसुनवाई

## प्राप्त 112 आवेदनों पर लोगो की बात सुन उनकी समस्याओं का किया समाधान

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में लगभग 112 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे



उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है इसके लिए हम हमेशा तत्पर रहते है लेकिन बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य है कि उसके क्षेत्र के आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े उनकी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए जिस जनता ने उस पर विश्वास किया है उस विश्वास पर वह खरा उतरे उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।

# सांगई में सर्वाधिक उपस्तिथि वाले विद्यार्थी सम्मानित



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में नये शिक्षण सत्र के प्रथम माह अप्रैल के अंतिम दिन सर्वाधिक उपस्तिथि वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों ने सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति वाली छात्राओं लक्ष्मी केवट एवं बबली केवट को शिक्षकों ने ट्राफी प्रदान की।माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्तिथि बढ़ाने के लिये प्रतिमाह सर्वाधिक उपस्तिथि वाले बच्चों को सम्मानित किया जाता है। सम्मानित हुए विद्यार्थियों को देखकर अन्य विद्यार्थी भी प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, सुरेश चौहान, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर एवं अतिथि शिक्षक रानू यादव मौजूद रहे ।

# कलेक्टर ने किया जल संरचनाओं का निरीक्षण

## जल संरक्षण की दिशा में जनसहयोग जरूरी

नरसिंहपुर स्वतंत्रमत

जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मध्यप्रदेश शासन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत विभिन्न पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और मरम्मत करने के साथ नवीन जल संरचनाओं के निर्माण किये जा रहे हैं। इसमें अमृत सरोवर, खेत- तालाब, कंटूर ट्रेंच- खंती, सोकपिट आदि शामिल हैं। जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार ने चांवरपाठा जनपद पंचायत के ग्राम अंजसरा, खुलरी एवं रम्पुरा पहुंचकर अमृत सरोवर व खेत- तालाब निर्माण का मुआयना किया। अधिकारियों को ग्राम



अंजसरा में बताया गया कि लगभग 28 एकड़ शासकीय भूमि में अमृत सरोवर निर्माण के लिए चिन्हित की गई है, जिसमें लगभग 10 एकड़ में अमृत सरोवर का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती पटले से चर्चा के दौरान बताया कि इस भूमि पर बरसात के समय में पानी लबालब भरा रहता है। अमृत सरोवर बन जाने से वर्षभर पानी की उपलब्धता होगी। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम खुलरी में हितग्राही श्री गजेन्द्र चौकसे द्वारा अपनी भूमि पर किये जा रहे खेत- तालाब निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। रोजगार सहायक एवं सचिव ने बताया कि उन्होंने खेत- तालाब बनाने की इच्छा जाहिर की है। इससे वे उन्नत खेती की ओर अग्रसर होंगे, जिसमें वे सिंघाड़ा, मछली पालन आदि कार्य करके कम खर्चे में अधिक आय अर्जित कर सकेंगे। इससे भू- जल स्तर में वृद्धि होगी और आसपास के कुओं में भी पानी रहेगा। अधिकारियों को बताया गया कि गांव के अन्य लोग भी खेत- तालाब निर्माण कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं और अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे हैं। तदुपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्राम रम्पुरा पहुंचकर यहां किये जा रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया।

# जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैंडपंपों के खराब होने व पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी के लिए कंट्रोल स्थापित

नरसिंहपुर स्वतंत्रमत

ग्रीमष्काल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों के खराब होने व जल स्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07792-230210 है। नियंत्रण के प्रभारी श्री आशीष नेमा को बनाया गया है। श्री नेमा का मोबाइल नंबर 6263009411 है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके मोबाइल नंबर पर सुधार कार्य के लिए सीधे सम्पर्क किया जा सकता है। उपखंड नरसिंहपुर के तहत सहायक यंत्री नरसिंहपुर श्रीमती पूजा शर्मा के मोबाइल नंबर 9340573408, उपयंत्री नरसिंहपुर श्रीमती प्राची लखेरा के मोबाइल नंबर 9406682904, उपयंत्री नरसिंहपुर श्री आशीष नेमा के मोबाइल नंबर 6263009411 व उपयंत्री गोटेगांव श्री रोहित ठाकुर के मोबाइल नंबर 8349841285, उपखंड करेली के अंतर्गत सहायक यंत्री करेली श्री सुनील परतेती के मोबाइल नंबर 9407003368, उपयंत्री करेली श्री कृष्णकुमार शर्मा के मोबाइल नंबर 9424959538, उपयंत्री चांवरपाठा सुश्री माधुरी यादव के मोबाइल नंबर 9407422772 व उपयंत्री चांवरपाठा श्री गोवर्धन अहिरवार के मोबाइल नंबर 8770395922 और उपखंड गाडरवारा के अंतर्गत सहायक यंत्री गाडरवारा सुश्री श्रिया मिश्रा के मोबाइल नंबर 9753028233, उपयंत्री सांईखेड़ा/ चीचली श्री एसएस सलामे के मोबाइल नंबर 9685437411 व उपयंत्री सांईखेड़ा सुश्री काजल यादव के मोबाइल नंबर 9131342713 पर सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड नरसिंहपुर ने उक्त कंट्रोल रूम के लिए प्रात- 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहायक ग्रेड 3 श्री नीतेश केवट और दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक सहायक ग्रेड 3 श्री राजकिशोर उईके की ड्यूटी लगाई गई है। साप्ताहिक अवकाश के दिनों में प्रथम पाली में सुबह 8 बजे से दोपहर तक हेल्पर श्री प्रकाश महोबिया, द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक सहायक ग्रेड 3 श्री कमलापत मेहरा, प्रत्येक शनिवार के लिए हेल्पर श्री राजेश तिवारी एवं प्रत्येक रविवार को हेल्पर शाबाद मोहम्मद की प्रात- 10 बजे से सायं 5 बजे तक सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उक्त कर्मचारियों को पूर्व में सौंपे गये दायित्व के अतिरिक्त है, जिसका निर्वहन उनके लिये अनिवार्य होगा। उक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राप्त होने वाली शिकायतों की प्रवृष्टि कंट्रोल रूम के पंजी में करेंगे और इसकी जानकारी तत्काल संबंधित उपखंडों के सहायक यंत्री/ उपयंत्री को आवश्यक कार्यवाही के लिए दूरभाष पर सूचित करेंगे।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नरसिंहपुर जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों की तरह मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की नरसिंहपुर जिला इकाई ने भी एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर शीतला पटले को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों की रैली पत्रकार जनसंवाद केन्द्र से निकलकर कलेक्ट्रेट पहुंची। 21 सूत्रीय मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू करने के अलावा विभिन्न मांगों के ज्ञापन को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पढ़ा और प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना है। पत्रकार सुरक्षा कानून के अलावा विभिन्न मांगों के आपके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री जी को जल्द पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत काबरा, संभागीय उपाध्यक्ष संजय जैन, जिला अध्यक्ष बालमुकुंद विनोद कोरी, संभागीय सचिव देवेंद्र बुनकर, संभागीय संयुक्त सचिव संतोष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय साहू, महासचिव मनोज नौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गणेश प्रजापति, संयुक्त सचिव ललित श्रीवास्तव, समीर खान, पंकज गुप्ता, अभय तिवारी, तुलसी नौरिया, नरेंद्र श्रीवास्तव, अरूण शर्मा, सुरेश गिरदौनिया, अमित विश्वकर्मा, संतोष दुबे, गोपाल दुबे, सुबोध नामदेव, तेंदूखेड़ा से राजू सिंह राजपूत, प्रदीप पटेल, राजाराम जाटव, बबलेश रजक, दशरथ सिंह, अरूण झारिया, रविंद्र चौधरी सहित अनेक श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण

## विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर लिया जायजा

नरसिंहपुर स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने यहां जिला चिकित्सालय में आयुष्मान कक्ष, आईसीयू वार्ड, बच्चा वार्ड, चाइल्ड नर्सरी वार्ड, सेन्ट्रल लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मेटरनिटी वार्ड में भर्ती प्रसव पूर्व एवं प्रसव के पश्चात महिलाओं से स्वास्थ्य व पोषण शिशु, स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली। चिकित्सकों को समय-समय पर ओपीडी के लिए सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। चिकित्सालय में दवाईयां एवं अन्य उपकरण के लिए उचित संधारण करने और अस्पताल के वार्डों व अस्पताल



में पर्याप्त साफ- सफाई और दवाईयों का वितरण समय पर करने के निर्देश दिये। पीआईसीयू में ब्लड स्पेसिफिकेशन और मैटरनिटी विंग को विकसित करने और किचिन एवं डाइटरी सेवाओं द्वारा समय पर भोजन वितरण की जानकारी ली। ग्रीष्मऋतु को देखते हुए वार्डों में मरीजों के लिए कूलरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी निरीक्षण के दौरान दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, सीएमएचओ डॉ. एसएस ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, आरएमओ डॉ. राहुल नेमा, अस्पताल प्रबंधक, अन्य अधिकारी- कर्मचारी सहित अस्पताल का स्टॉफ मौजूद था। कलेक्टर ने अस्पताल में पर्याप्त साफ- सफाई, दवाईयों की उपलब्धता और अन्य जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के मरीज एवं उनके परिजनों को असुविधा न हो सके। कलेक्टर ने इलाज कराने आये मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। मरीजों के लिए उपलब्ध पलंग में बेडशीट निर्धारित दिवस के अनुसार बिछाई जाये।

# नियमों की अनदेखी करने वाले 4 प्लांटों की बंद करने का नोटिस

## प्रदूषण फैलाने वाले क्रेशर प्लांटों पर तिरछी नजर





कटनी (स्वतंत्रमत)।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हुई शिकायत से बचाव के लिए प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने न सिर्फ 4 क्रेशर संचालकों को नोटिस जारी किया, बल्कि माइनिंग विभाग की अनुमति से संचालित माइंस बंद करवाने विद्युत विभाग को बिजली कनेक्शन काटने के लिए पत्र भी लिख दिया है। जानकारी के मुताबिक कटनी जिले में 4 क्रेशर प्लांटों को बंद करने के नोटिस प्रदूषण विभाग ने जारी किए है। जानकारी के मुताबिक बरही क्षेत्र में संचालित खदानें और क्रेशर संचालकों द्वारा नियमों को ताक में रखकर प्रदूषण फैला रहे हैं। स्थानीय लोगों की अनेकों शिकायतों के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोगों ने सीएम हेल्पलाइन की मदद ली है। तब जाकर मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कटनी अधिकारियों ने खुद को सुरक्षित करने महज चार क्रेशर प्लांट संचालकों को बंद करने का नोटिस जारी किया है। जानकारी के मुताबिक बरही क्षेत्र में संचालित इन चारों प्लांटों पर प्रदूषण फैलाने और नियमों का पालन न करने का आरोप है, जिस पर विभाग ने इन प्लांटों को तत्काल प्रभाव से बंद करने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा विभाग ने माइनिंग और बिजली विभाग को भी पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। माइनिंग विभाग को खदान बंद कराने और बिजली विभाग को विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने का निर्देश दिया गया है।

बताया जा रहा है कि श्रीराम ट्रेडर्स, महालक्ष्मी माइंस एंड मिनरल्स, सरोज मिनरल्स एंड माइंस सहित मेसर्स के पी अवस्थी स्टोन क्रेशर प्लांट के द्वारा अपने संचालकों द्वारा अपने प्लांटों में प्राइमरी और सेकेंडरी यूनिट के लिए छन्ना नहीं ढकना, 15 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल नहीं होना, जल छिड़काव नहीं करना और सघन वृक्षारोपण नहीं होना पाया गया है।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हुई शिकायत से बचाव के लिए प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने, न सिर्फ 4 क्रेशर संचालकों को नोटिस जारी किया, बल्कि माइनिंग विभाग की माइंस बंद करवाने तो विद्युत विभाग को बिजली कनेक्शन काटने को लेकर भी पत्राचार किया है। ताकि क्षेत्र में संचालित अन्य खदान और क्रेशर संचालकों के लिए नाजिर पेश हो सके। फिलहाल प्रदूषण विभाग के इस नोटिस से संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि इसके क्रेशर प्लांटों के मालिकों ने नियमों को ताक पर रखकर ग्राम पंचायत बिचपुरा की खसरा नंबर 1032/1 की चरनोई, घास मद में दर्ज आरक्षित भूमि जो मवेशियों को चारा चरने के लिए आरक्षित थी। उस कर खनिज विभाग द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से लीज स्वीकृत कर दी है। जहां बड़े पैमाने पर खनिज संप्रदा का अवैध उत्खनन किया जा रहा है और शासन को लाखों करोड़ों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो मामले की अगर उच्च स्तरीय जांच हो तो बड़ा घोटाला समाने आएगा जिसमें कई जिम्मेदारों की भूमिका उजागर हो जाएगी।



## नगर निगम के नये उपायुक्त होंगे शैलेश गुप्ता

कटनी (स्वतंत्रमत)।

राज्य शासन के वित्त विभाग ने राज्य वित्त सेवा के 62 अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसके तहत नगर निगम कटनी में पदस्थ रहे उपायुक्त वित्त पवन कुमार अहिरवार का स्थानांतरण सहायक संचालक संस्थागत वित्त भोपाल के पद पर किया हैं। वहीं शैलेश गुप्ता उपायुक्त वित्त नगर निगम बुरहानपुर का स्थानांतरण उपायुक्त वित्त नगर निगम कटनी के पद पर किया गया है। इसी स्थानांतरण आदेश में सुरभित अग्रवाल को जिला पंचायत कटनी के लेखा अधिकारी पद पर स्थानांतरित किया गया है। श्री अग्रवाल अभी तक संचालनालय कोष एवं लेखा भोपाल में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ रहे।

## झिंझरी पुलिस ने तलवार लहराते हुए आरोपी को पकड़ा

कटनी (स्वतंत्रमत)।



अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर चौकी झिंझरी पुलिस प्रयासरत है इसी दौरान 02 मई को झिंझरी क्षेत्र मे पर एक आदतन अपराधी सुनील उर्फ घन्टी बर्मन पिता कोदू बर्मन निवासी झिंझरी के द्वारा गंभीर वारदात करने की नियत से बका लेकर घूमते पाये जाने पर झिंझरी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार बका जप्त कर आरोपी को जेल भेजा। यह सफलता पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उनि प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में हासिल हुई। घटना का विवरण– 02 मई को जरिये मुखविर से सूचना मिली कि हीरा ढाबा के पीछे तलाब के पास गुलवारा में एक व्यक्ति बर्मन लोहे का बका लिये घूम रहा है। कोई गंभीर वारदात घटित कर सकता है कि मुखबिर सूचना पर हमराही स्टाफ के साथ जाकर देखा की एक व्यक्ति दाहने हाथ मे एक लोहे का बका नुमा औजार लेकर घूम रहा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर उस व्याक्ति के दाहने हाथ से बका नुमा औजार लिये पकड़ा नाम पता पूछने पर अपना नाम सुनील उर्फ घन्टी बर्मन पिता कोदू बर्मन निवासी झिंझरी का रहने वाला बताया। आरोपी सुनील उर्फ घन्टी बर्मन से बका नुमा औजार का लायसेंस पूछा जो कोई लायसेंस का होना नही बताये जाने पर सुनील उर्फ घन्टी बर्मन के कब्जे से एक लोहे का बका धारा 25, आर्म्स एक्ट के तहत जप्त कर आरोपी को समक्ष गवाहान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। सराहनीय भूमिका–सउनि शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक पंकज त्रिपाठी, आरक्षक जज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 24 घंटे के अदर अपहृत बालक को ढूंढकर, परिजनों को सुपुर्द किया गया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 30 अप्रैल की बात है फरियादिया मुमताज उर्फ मन्नो मंसूरी पति रमजान मंसूरी उम्र 33 साल निवासी विकास गुप्ता अस्पताल के पीछे बंधवा टोला थाना रंगनाथनगर कटनी की थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि उसका 10 वर्षीय बालक शाम 6 बजे से लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है जो मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उप निरीक्षक नवीन नामदेव ने मामला पुलिस अधीक्षक कटनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के संज्ञान में मामले को लाया जो पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं



नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर के द्वारा तुरंत ही टीम को शहर के विभिन्न स्थानोए एंव थाना क्षेत्र, मंदिरो में पता तलाश किया एंव जरिये आरएम के सभी जगह अपहृत बालक के संबध में पूछताछ की गई । जोकि कड़ी मशक्कतो के बाद अपहृत बालक को ढूंड़कर सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया । परिजन तथा स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस की तत्परता की सराहना की गई। उक्त घटना मामले में– थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नवीन नामदेव, सउनि विनोद चौधरी सउनि बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक रामपाल बागरी, महिला आरक्षक रुचिका अग्रहरि, रमजान की सराहनीय भूमिका रही।

## अमिता श्रीवास ने उठाया निर्धन परिवार की बेटी की शादी का जिम्मा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विगत दिन जंहा हर कोई गुड्डा गुड्डे की शादी मे मग्न था वंहा कटनी मे देखने मिला एक अलग हि नजारा अनोखी शादी। अक्षय तृतीया के दिन कटनी मे निर्धन परिवार की ब्राम्हण बेटी की शादी का जिम्मा उठाया सेन समाज की बेटी ने और एक कन्या हो कर खुद कन्या का किया कन्या दान। और लोगों को किया जागरूक। आज कल शादी व्याह मात्र एक दहेज के बजट पर पक्की होती है। या तो लड़की के माँ बाप रहिस घर और नौकरी वाला लड़का देखते है या लडके के घर वाले कितना दान दहेज आएगा या लड़की कितना कमाने वाली है ये देखते है पर इस सोच को गलत साबित किया ब्राम्हण परिवार ने जब दिव्या दुबे ने अपनी आर्थिक स्थिति समाज सेवी पशु प्रेमी अमिता को बताई तब अमिता ने लड़की की हर जरुरत का ध्यान देते हुए दान दहेज का पूरा जिम्मा अपने हांथो



पर उठा लिया। जबकि आपको बता दे अमिता श्रीवास ने कम ही उम्र में समाज सेवा और पशु सेवा का कार्य शुरू कर दिया था। महज 30 साल की उम्र में कुमारी अमिता श्रीवास ने सभी रस्मों को निभाते हुए गुरु दीक्षा लेकर कन्या दान किया। जिसमें लड़के वालों ने भी मात्र एक रुपए का दहेज के साथ धूमधाम और खुशी के साथ लड़की की गई विदाई। अमिता ने बताया दहेज प्रथा ने समाज को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है जिसमे अब सरकार को कड़े नियम बनाने बस नहीं इस पर अमल भी करना होगा।



## शोभा यात्रा का स्वागत

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान की भव्य शोभायात्रा का स्वागत झंडा बाजार स्थित उजाला नील कनकने भवन के सामने किया गया। सुदर्शना परिवार ने भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का पुष्पवर्षण कर श्रद्धा भक्ति पूर्वक सुंदर स्वागत किया रथ में बैठे साधु संतों का वंदन माल्यार्पण पूजन कर आरती उतारी। शोभायात्रा में शामिल सभी विप्र बंधुओ श्रद्धालुओं को ठंडा पानी पिला कर पेड़े और मीठे बिस्कुट खिलाये। जय जय परशुराम के नारों के जयघोष से गूंजा झंडा बाजार। स्वागत प्रभारी रश्मि कनकने, कल्पना कोटक एवं हीरामणि बरसैन्या, शांति तिवारी, दीपाली गुप्ता, माया तिवारी, शालिनी सोनी, नीता बिचपुरिया, रजनी कनकने, प्रीति डेंगरे, आकाँक्षा बरसैन्या ने सभी का स्वागत किया। शोभायात्रा में जीवित झांकी में काली माता के साथ सबने नृत्य किया और सबको अपना आशिर्वाद दिया। आयोजक समिति ने आभार प्रगट किया।

## वन समितियों के सदस्यों को अश्वगंधा की खेती पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)।

देवारण्य योजना के तहत गुरुवार को जिला आयुष कार्यालय में जिला स्तरीय वन समिति के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना की एवं वन समिति के सदस्यों को योजना के उद्देश्य एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता के विषय में आयुष विभाग द्वारा संचालित योजना की रूपरेखा से अवगत कराया। इसके पश्चात जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य अंतर्गत वन समिति के सदस्यों को एक जिला एक औषधि योजना के तहत अश्वगंधा की खेती संबंधी प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधों की खेती को



प्रोत्साहित किया गया और स्थानीय वन समितियों को सशक्त बनाने के महत्व के बारे में बताया गया। जिला आयुष कार्यालय में उपस्थित वन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को मास्टर ट्रेनर डॉण् प्रशांत कुमार एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. हेम सिंह द्वारा अश्वगंधा की खेती एवं उसकी बुवाई, सिंचाई, कटाई एवं विपणन के बारे में विस्तार से जानकारी की गई। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स ने वन समिति के सदस्यों को अश्वगंधा की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने अश्वगंधा के शारीरिक एवं मानसिक उपयोगों के विषय में वन समिति के सदस्यों द्वारा पूछे गये सभी सवालों के जवाब संतुष्टि पूर्ण तरीके से दिये। अश्वगंधा की खेती से किसान स्वयं को कैसे आर्थिक रूप से मजबूत कर सकता है के विषय में भी विस्तार से चर्चा की गई।

## कटनी ब्लड डोनर के प्रयासों से रक्तदान के प्रति बढ़ रहा जज्बा

### सप्ताह में 6 युवाओं ने जरूरतमंदों को दिया रक्तदान

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी रक्तदान के प्रति लगातार आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के चलते हर सप्ताह युवा आगे जाकर जरूरतमंदों को रक्तदान कर रहे हैं। कहा भी गया है कि रक्तदान महादान। संस्था के पदाधिकारी राज सोनी, गौरव नागवानी ने बताया कि जब अपने ही जरूरत के समय साथ छोड़ देते हैं, तब कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी किसी न किसी का सहारा बनकर खड़ी हो जाती है। इसी प्रयासों के



तहत इस सप्ताह जागरूक रक्तदाता सचिन राय, सोनू जसूजा, प्रशांत सिंह, आशीष तिवारी, प्रवीण सोनी, आशीष प्रजापति ने संस्था के द्वारा सूचना मिलते ही तत्काल जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचकर किसी न किसी जरूरतमंद को रक्तदान किया। कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी ने आम जनों से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा है, कि आपके द्वारा दिए गए रक्त से किसी न किसी को नया जीवन मिलता है।




## चौपाल चर्चा का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आस्था नवनिर्माण सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, हथकुरी मझगवां के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम मझगवां में चौपाल चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह की उपस्थिति में अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर विमर्श हुआ। उन्होंने प्रस्फुटन ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में संस्कार केंद्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक समन्वय करने पर बल दिया। चर्चा के दौरान जल संरचनाओं के आसपास फैली गंदगी को स्वच्छ रखने, आदर्श ग्राम निर्माण, जन सूचना केंद्र तथा वाचनालय स्थापना पर भी गहन विचार–विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम मंदिर परिसर में स्थित कुएं का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें कुएं में जल उपलब्धता की पुष्टि हुई।

साथ ही कुएं के अंदर जमा कचरे को साफ करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी उमेश त्रिपाठी, राधा विश्वकर्मा, ज्ञानी राजभर, छलीराम, राजकुमार, अजय कुमार, संन्यासी, रामकुमार एवं अन्य ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

## नगर निगम उपायुक्त को दी गई भावभीनी विदाई

### टीम भावना से कार्य करने में जनप्रतिनिधियों एवं सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का रहा भरपूर सहयोग-उपायुक्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।







नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार का कार्यालय आयुक्त संस्थागत वित्त भोपाल में सहा संचालक के पद में स्थानांतरण होने पर नगर निगम कटनी के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई देकर उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह में महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, आयुक्त नीलेश दुबे, एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी, सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, पार्षद शकुंतला सोनी, शशिकांत तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, जीवन चौधरी, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहा यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, समस्त उपयंत्री सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। श्री अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कटनी नगर निगम में उपायुक्त के रूप में उनके 39 माह के कार्यकाल में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में भरपूर सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि निगम की योजनाओं एवं कार्यों का सुचारू संचालन संपादन कराने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो दायित्व एवं कार्य सौंपा गया, उसे टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सभी के सहयोग से ही अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास किया।

**अच्छे अधिकारियों का स्थानांतरण दुख का विषय : अध्यक्ष श्री पाठक** – नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने उद्बोधन में उपायुक्त पवन अहिरवार के कुशल कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि नगर निगम से अच्छे अधिकारी का स्थानांतरण होना दुख का विषय है। उन्होंने श्री अहिरवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी हैं।

**शासकीय योजनाओं के संचालन में कुशल नेतृत्व : आयुक्त** – आयुक्त नीलेश दुबे ने अपने उद्बोधन में उपायुक्त पवन अहिरवार के कुशल नेतृत्व और सरल व सहज स्वभाव की सराहना की और कहा कि निगम की श्री अहिरवार द्वारा निगम की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ रखने सहित राजस्व वसूली के बेहतर प्रयास सहित शासकीय योजनाओं के संचालन में कुशल नेतृत्व प्रदान किया गया है।

उन्होंने कहा कि स्थानांतरण शासकीय कार्य और प्रक्रिया का हिस्सा है, हमें विश्वास है कि यहाँ कार्य के दौरान मिले अनुभवों को भविष्य में उपयोग करते हुए आगे भी प्रभावी काम करेंगे।

# बुंदेलखण्ड की एक-एक इंच जमीन को पानी से सींचा जायेगा : सिंह

## पंचायत मंत्री पटेल ने कहा अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों को विकास कार्यों के लिये पर्याप्त राशि मिलेगी

दमोह।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा केंद्र में मोदी सरकार और डॉ. मोहन यादव सरकार पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सिंग्रामपुर आगमन के दौरान किसानों से कहा था कितनी दिक्कत आ जाए पर अपनी खेती की जमीन नहीं बेचना है क्योंकि आने वाले 10 वर्षों में केन बेतवा लिंक और छोटे-छोटे बांध बांधकर छोटी-छोटी नदियों को जोड़ कर बुंदेलखंड के एक-एक गांव में पीने और खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का काम मध्यप्रदेश सरकार करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा जरारूधाम स्थल गौ अभ्यारण के रूप में विकसित हो रहा है। आप सभी लोग सरपंच-पंच के नाते यहाँ पर आये हैं, सबसे पहले सरपंच की भूमिका गांव के विकास की होना चाहिए, सरकार गांव में रहने वाले बुजुर्गए गरीब और बच्चों के लिए योजनायें बनाती है। जमीन पर योजना का ठीक क्रियान्वयन हो ताकि पंचायत राज का उद्देश्य पूरा हो। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा गौ माता की प्रतिमा पूजन एवं दीप प्रज्जवन कर किया गया। इस अवसर पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। संचालन विपिन चौबे और आभार जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने किया।





### अपनी पंचायतों में अच्छा कार्य करें

सरपंच और जनपद सदस्य दो ऐसी इकाई है जिनसे हमारा संवाद नहीं हो पा रहा था, अब हमने यह तय किया है। मैं जिले में जा रहा हूं पंच सरपंच और जनपद सदस्यों का सम्मेलन किया जा रहा है, उससे उनके कर्त्तव्यों और अधिकारों का भी आभास होता है। हम सभी अपनी पंचायत के लिए पूरी जिम्मेदारी निभाए। अब आगे ढाई साल धन राशि की कमी आड़े नहीं आयेगी। अपनी पंचायतों में अच्छा कार्य करें। अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि मिलेगी। सरपंच को 10 किलोमीटर से अधिक ना चलना पड़े इसके लिये भी सरकार कार्य कर रही है। पंचायत भवन साढ़े सैंतीस लाख का होगा और दूसरा भवन साढ़े 48 लाख का होगा जो क्लस्टर पर होगा यहां पर सब इंजीनियर का आफिस भी होगा ताकि सरपंच को यहां वहां ना जाना पड़े। पंचायत भवन के लिये सरपंच एजेंसी होगा। इस आशय की बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागए श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जरारूधाम गौ अ यारण में आयोजित पंच-सरपंच स मेलन एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं जल गंगा संर्वधन अभियान के दौरान कही।

### गरीब आदमी के लिये संबल वरदान है

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस संबल की राशि 600 करोड़ सिंगल क्लिक में डाली है। बीच में पिछली सरकार ने संबल योजना को बंद कर दिया गया था, वह डेढ साल का बेकलॉग था वह चला आ रहा था, अभी मेरे पास 700 करोड़ रूपये का बजट है, 20 दिन के भीतर मार्च तक का मामला समाप्त हो जायेगा और उसके बाद यदि कोई दुर्घटना होती है उसे हम 24 या 48 घंटे में हितग्राही को उनके घर चेक पहुंचा देंगे। दुर्घटना का लाभ तुरंत मिले यह बहुत बड़ी बात है। गरीब आदमी के लिये संबल वरदान है।

उन्होंने कहा मध्यप्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है इंदौर के साथ उज्जैन, देवास और भोपाल को जोड़कर एक शहर बनाने की योजना है, भोपाल के चारों तरफ विदिशा, मंडीदीप इनको जोड़कर बनाने की योजना है लेकिन इसके भीतर जो पंचायतें रहेंगीं वह पंचायतें ही रहेंगी जो नगर पंचायतें रहेंगी वह नगर पंचायतें ही रहेंगी, नगर पालिका और नगर निगम ही रहेंगी। लेकिन जब हम शहर से जुड़ेगे तो हमें सड़क कितनी चौड़ी चाहिये, कितनी बड़ी नाली चाहिये, गंदा पानी कहा से निकलेगा वह हमें ट्रीट करना पड़ेगा, यह हमें देखना पड़ेगा।

उन्होंने कहा एक नगर पंचायत है जिसकी वोटरों की सं या 17 हजार के आसपास है, वहां आलू के चिप्स बनते हैं और आलू के चिप्स वहां एक सीजन में बनते हैए वहां पर लगभग 1 लाख लेवर रहते है, वहां पर 2 लाख लोगों को रोजगार मिलता है।

### पौधा वही लगाये जो उसे जिंदा रख सके

उन्होंने कहा यहां जरारूधाम में पौधों को पत्थरों पर 10 हजार पौधे लगाये है। आगे आने वाले समय में पेड़ बनने जा रहे है। पौधा वही लगाये जो उसे जिंदा रख सके। पिछले वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान 1 माह का था और इस वर्ष 3 माह का हैए इस बात के लिए प्रदेश के मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने कहा पिछले वर्ष पौधेरोपण पर पूरे राज्य में प्रतिबंध लगाया गया था कि जो व्यक्ति पौधे को जीवित रख सके। वही पौधेरोपण कार्य करेगा।

### पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ, उन्होंने जल गंगा संवर्धन योजना के तहत पथरिया विधानसभा क्षेत्र में पंच-सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा पंच-सरपंच एक ऐसी कड़ी है जो सरकार की योजना को जमीन पर उतारने के लिये सबसे निचली ईकाई और सबसे मजबूत ईकाई है। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भविष्य में हम अपने गांव की किस प्रकार से योजना बनाये, आज हम पंच.सरपंच सम्मेलन में इन सारी बातों पर विचार करके जाएंगे और अपने-अपने गांव की रचना योजना कैसी हो सकती है, उस पर भी गहन मंथन करके जाएंगे। अभी जो गर्मी के समय पानी के लिए दिक्कत आती है या हैंड पंपों का भी भूजल स्तर नीचे चला जाता है, हैंडपंप में भी पानी आना बंद हो जाता है, वाटर रिचार्ज के माध्यम से यह सारे काम किये जा सकते हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, नरेंद्र व्यास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, गोपाल पटेल, गौरव पटेल, नरेन्द्र बजाज, कपिल शुक्ला, धर्मेंद्र कटारे, राजू ठाकुर, सुशील गुप्ता, नर्मदा एकता सिंह, सुमन मिश्रा, अनीता खरे, रश्मि साहू, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमेश गुप्ता एवं सरपंच संघ जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पंच सरपंचगण, जनपद और जिला पंचायतों के प्रतिनिधि/ पदाधिकारी के अलावा अधिकारी-कर्मचारीगण तथा आमजन मौजूद रहे।

# विभागीय भर्ती और उपकरण खरीदी समय से करें पूर्ण : शुक्ल

**भोपाल ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की लम्बित मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संविदा कर्मियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीदी की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश भी दिए, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो सकें। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश**

# साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें : कृष्णा गौर

### गोविंदपुरा क्षेत्र की बस्तियों में भ्रमण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं

भोपाल।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों का भ्रमण के दौरान रहवासियों से कहा कि क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे । उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों को समय पर सफाई करने के लिए कहे । उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने आज गोविंदपुरा क्षेत्र के खेजड़ा में नाली निर्माण , स्ट्रीट लाइट, पेयजल से जुड़ी नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भानपुर मल्टी के रहवासियों से भेंट कर जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। इसी क्रम में 40 लाख की लागत से बनने वाले मुख्य मार्ग से भानपुर मल्टी तक सड़क कार्य का भूमिपूजन किया ।



**चारों तरफ गंदगी देख अप्रसन्नता प्रकट की** – महोली में भ्रमण के दौरान स्थानीय रहवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी और स्थानीय अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। स्थानीय रहवासियों ने सांस्कृतिक उत्सव के लिए बने शेड के आस पास बाउंड्रीवाल, सीवेज, पेयजल आपूर्ति समस्या से अवगत कराया है । उन्होंने समस्याओं का जल्द और स्थाई समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए । साथ ही हाईमास्ट लाइट लगाने को भी निर्देशित किया है। महोली के शासकीय स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां पर पेवर ब्लॉक लगवाए जाएंगे और कम्युनिटी हॉल बनाया जाएगा। उन्होंने दामखेड़ा में रोड नाली और स्ट्रीट लाइट की समस्या का निराकरण किया। इकोग्रीन पार्क में रहने वाले 150 परिवारों ने बिल्डर के द्वारा की जा रही गलत कार्रवाई से राज्यमंत्री को अवगत कराया। दरअसल, बिल्डर कॉलोनी वालों को बिजली विभाग के मीटर लगाने के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है और बिल्डर द्वारा कॉलोनी वालों से मनचाही दर से बिल की वसूली की जा रही है।

**रहवासियों ने रोड चोड़ीकरण की मांग की** – कोलुआ कलां के रहवासियों ने रोड चोड़ीकरण की मांग की है। सड़क चौड़ीकरण करने के लिए पहले अतिक्रमण हटाए जाएंगे, उसके बाद रोड का कार्य किया जाएगा। यहां पर शासकीय माध्यमिक शाला की जर्जर हो रही बिल्डिंग की मरम्मत कराई जाएगी। कैलाश नगर सेमरा में स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क निर्माण व सफाई नहीं होने की शिकायत रहवासियों ने की। इस दौरान पार्षद शकुन लोधी, राजू लोधी, विकास पटेल, राजू राठौड़, मंडल अध्यक्ष नीलेश गोर सहित बड़ी संख्या में रहवासी, कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा पंचायत नामावली का सतत कार्य जारी

**दमोह।** जनपद पंचायत हटा की सभी ग्राम पंचायत में पंचायत निर्वाचन नामावली के अद्यतीकरण का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया ग्राम पंचायत हरदुआ सडक में निर्वाचन नामावली कार्य किया गया। श्री मरकाम ने बताया प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्वाचन कार्य निरंतर 6 मई तक किया जाएगा। सभी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं से परिवर्धन, निरसन एवं संशोधन फार्म प्राप्त कर करेंगे।

# हिंदू बनकर लॉज में ठहरा मुस्लिम युवक पकड़ा गया

### इजराइल उर्फ शिवम पर लव जिहाद का आरोप

**दमोह।** पुलिस ने शुक्रवार सुबह एक स्थानीय लाज से संदिग्ध रूप में ठहरे युवक को गिर तार किया है। बताया गया है कि पकड़ा गया युवक पन्ना जिले का रहने वाला है और उसने अपना नाम इसराइल मोह मद बताया है जबकि वह शिवा शर्मा के नाम से फर्जी आधार कार्ड के जरिए लॉज में कमरा लेकर ठहरा था। वहीं कुछ हिंदू संगठन के सदस्यों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने तत्काल ही कार्यवाही करते हुए युवक को हिरासत में लिया है। बताया गया है कि आरोपी युवक एक स्थानीय युवती को अपने साथ भगा ले जाने की तैयारी करके आया था। वहीं यह भी जानकारी मिली है कि आरोपी के मोबाइल में कई युवतियों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले हैं। वहीं इनमें एक 14 वर्षीय नाबालिक की तस्वीर भी शामिल है।



इस मामले में सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अभी आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है वहीं मोबाइल में मिली सामग्री और फर्जी आधार कार्ड के मामले में भी पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। आरोपी दमोह से भागने की फिराक में था, तभी संगठन के लोगों ने उसे पकड़ लिया। युवती के परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है इसलिए संगठन के लोगों ने अपनी ओर से पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आरोपी के लव जिहाद से जुड़े एंगल पर भी पड़ताल कर रही है। आगे और भी धाराएं बढ़ सकती है।



# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा 21 सूत्रीय ज्ञापन

दमोह।

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस पर पत्रकार हितेषी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा जाता है। इस वर्ष भी प्रदेश आव्हान पर दमोह जिला इकाई द्वारा 21 सूत्रीय ज्ञापन मु यमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सौंपा गयाए इन 21 मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून तुरंत लागू करने, भोपाल स्थित पत्रकार भवन की भूमि पुन: मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को सौंपने, पत्रकारों को मिलने वाली श्रृद्धा निधि से अधिमान्य की शर्त हटाने सहित अन्य मांगे शामिल थी। दमोह जिला इकाई के सभी सदस्य अंबेडकर चौक से बाइक रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां नारेबाजी कर ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। इस मौके पर प्रदेश सचिव रामशरण पाराशर, जिलाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, जिला महासचिव रामअवतार पाली, संभागीय उपाध्यक्ष नरेंद्र चौकरया, संभागीय सचिव डॉ. विजय बजाज सहित समस्त ब्लॉक के अध्यक्ष महासचिव सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

# सामूहिक श्रमदान से जल स्त्रोतों की हो रही है सफाई

भोपाल ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में 30 जून तक चलने वाला जल गंगा संवर्धन अभियान जन भागीदारी के साथ प्रदेशभर में उत्साह के साथ चल रहा है। अभियान में प्रत्येक जिले में जल स्त्रोतों को चिन्हित किया गया है और उनके संरक्षण व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मालदेव तालाब पर किया गया श्रमदान

छिंदवाडा़ जिले में जन अभियान परिषद ने विकासखंड परासिया में जल गंगा संवर्धन अभियान में मानका देही खुर्द में मालदेव में तालाब गहरीकरण में श्रमदान कर ट्राली से मिट्टी निकाली। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य श्री कुबेर सिंह सूर्यवंशी, ग्राम के उपसरपंच श्री सिरसाम सहित समाजसेवियों ने नागरिकों के साथ श्रमदान किया। श्रमदान के बाद जल संवाद किया गया। मजदूर दिवस के अवसर पर रोजगार गारंटी के मजदूरों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। संवाद में जल के महत्व को बताया गया। जन सामान्य को जानकारी दी गई कि अच्छे भविष्य के लिये जल को बचाना जरूरी है। श्रमदान में मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों ने भी श्रमदान किया। जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है

### ग्राम पंचायत बैरागढ़ और आंट में क्षिप्रा नदी की हुई सफाई

देवास जिले में जल है तो कल है, जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है। इन वाक्यों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी, नालों, कुएं, बावड़ियों एवं कुंड की साफ-सफाई की जा रही है। जल स्त्रोतों के आस-पास से गदंगी और गाद को बाहर निकाला जा रहा है। क्षिप्रा शुद्धिकरण सफाई अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद ब्लॉक देवास, बागली, टोंकखुर्द एवं सोनकच्छ के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत बैरागढ़ एवं ग्राम पंचायट आंट में क्षिप्रा नदी की सफाई की गई। नदी की साफ-सफाई एवं गहरीकरण होने से बारिश के दिनों में पानी का अधिक संग्रहण होगा और वॉटर लेवल भी बढ़ेगा। ग्रामीणों को पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा। देवास जिले में अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से जिले की जनपद पंचायत खातेगांव की ग्राम पंचायत बरछाबुजुर्ग में जनसहयोग से नाले का गहरीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशेड अंतर्गत बागली विकासखंड के ग्राम पुंजापुरा में वॉटरशेड विकास यात्रा का शुभारंभ किया गया। विधायक बागली श्री मुरली भंवरा ने वॉटरशेड वेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशेड अंतर्गत ग्राम पुंजापुरा में जल कलश यात्रा, जल शपथ, नुक?कड नाटक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इस दौरान विधायक बागली श्री भंवरा ने जीवन में जल के महत्व को समझाया और प्रतिभावान कृषक, स्कूली बच्चों तथा आजीविका समूह की महिलाओं का सम्मान किया।



### ग्राम पंचायतों में जारी हैं विभिन्न निर्माण कार्य

बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान व्यापक स्तर पर संचालित हो रहा है। इसी श्रृंखला में खकनार विकासखंड की ग्राम पंचायत लोखंडिया में भोला भावसिंग के खेत के पास तालाब निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत खड़की में भी चेक डेम निर्माण का कार्य जारी है।

### हर शहर-हर ग्राम में जल को सहेजने हो रहे कार्य

शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के नवीन खेत-तालाब का निर्माण कार्य ग्राम लफदा, भूरसी, जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कंचनपुर में किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में जन-प्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, पत्रकार और नागरिकों की भागीदारी से जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। जन सामान्य को जल की एक-एक बूंद को सहेजने का संदेश दिया जा रहा है।

### ग्राम पंचायत बजरंगगढ में किया गया श्रमदान

गुना जिले में ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' में श्रमदान किया गया। श्रमदान में विधायक गुना श्री पन्नालाल शाक्य ने सीता कुंड की सफाई में भाग लिया। बजरंगगढ़ में विशेष अभियान में 108 प्राचीन कुओं का चिन्हांकन किया गया है। बजरंगगढ़ एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगर रहा है, जिसकी पहचान किले के अतिरिक्त 108 मंदिर और बावड़ी से होती रही है। ऐसे समस्त प्राचीन कुओं एवं बावड़ियों की सफाई के साथ उनके रिचार्ज संरचनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में समस्त जिला प्रशासन की टीम के साथ जन प्रतिनिधियों का भी सहयोग मिल रहा है।

### ग्रामीणों को जल बचाने की दिलाई गई शपथ

अशोकनगर जिले में जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की चयनित नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति बिजौरी के मढखेड़ा सेक्टर-एक में ग्राम पंचायत बमूरिया फूट में ग्रामीणों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई और जल बचाव के उपाय बताए गए। ग्रामीणों से कहा गया कि बारिश का पानी गांव से बाहर नहीं जाना चाहिए, तभी वॉटर लेवल बढ़ेगा। गांव का पानी गांव में खेत का पानी खेत में होना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत अशोकनगर की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के प्रत्येक वार्ड में सार्वजनिक प्याऊ तत्काल चालू कराये जाने के निर्देश मुख्?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को दिए गए।

### 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने हेतु कार्यशाला स पन्न

दमोह।

*कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। जिला स्तरीय दमोह में शहर के पार्कों व विकास खण्ड स्तर पर व ग्रामीण क्षेत्रों में योग कक्षाएं संचालित की जा रही है। नजदीकि योग प्रशिक्षण केन्द्र में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाये और सभी नि:शुल्क स्वस्थ्य लाभ ले सकते हैं।*

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 02/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुनेश्वर प्रसाद पिता श्री भागवत प्रसाद श्रीमती ममता डोंगरे पति श्री मुनेश्वर प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक चौथी मंजिल-3 बीएचके-03/ ब्लाक सी सत्यमेव जायते परिसर तह. चौक सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000428240 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा जिस पर निर्मित भूतल NiL प्रथम तल NiL द्वितीय तल NiL चौथी मंजिल 1060 वर्गफुट आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सुधीर परिहार पिता श्री हनुमान सिंह परिहार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# युद्ध की सुगबुगाहट तेजः ओएफके में अधिकारियों कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

## रक्षा मंत्रालय की मुख्य कंपनी एमआईएल ने सभी युनिट्स दिये आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पल-पल बदल रही परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए देश की आयुध निर्माणियों में हलचल तेज हो गई है। मुख्य रूप से सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली निर्माणियों में प्रबंधन ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश को निरस्त कर दिया गया है। भारतीय सेना के लिए गोला बारूद बनानी वाली रक्षा मंत्रालय की मुख्य कंपनी एमआईएल ने अपनी सभी ईकाईयों के लिए आदेश जारी कर दिया है। दरअसल शुक्रवार को आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में मुख्यालय से उक्त आशय के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी




आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आयुध निर्माणी खमरिया के समस्त अधिकारी-कर्मचारी लंबी छुट्टियों को कैंसिल किया जाता है। बात साफ है कि सभी को तत्काल कार्य पर लौटना होगा।

***बढ़ाई गई उत्पादन की रफ्तार***- सेना को गोला बारूद मुहैया करनी वाली निर्माणियों ने अपने उत्पादन लक्ष्य पर पूरा फोकस कर लिया है। मुख्य रूप से भारतीय एयर फोर्स के उपयोग में आने वाले बमों के उत्पादन में रफ्तार बढ़ा दी गई है। हालांकि अधिकारिक तौर पर युद्ध को लेकर रक्षा मंत्रालय से ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं। मगर, निर्माणियों में पूर्व के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति बनाई हुई है। वैसे भी उत्पादन लक्ष्य को लेकर अब समय सीमा पर ज्यादा फोकस करना होता है। गौरतलब है कि 250 किग्रा एयर बम का इस्तेमाल सुखोई या जगुआर एयक्राफ्ट के जरिए किया जाता है। दुश्मन के इलाके में गिरने से हुए विस्फोट में आठ से 10 फीट का गहरा गड्ढा बन जाता है। जानकारों ने बताया कि इसमें 6 से 7 किलो अति विस्फोटक बारूद भरा होता है। बारूद के साथ छोटी स्टील की बॉल रहती हैं जो कि, काफी घातक साबित होती हैं। इसी प्रकार 120 किग्रा एयर बम भी सबसे विश्वसनीय हथियारों में शामिल है। यह दुश्मन के बंकर, पुल और इमारतों को तबाह कर देता है।

### 1000 पाउंड बमों ने किए थे जैश के ठिकाने ध्वस्त

29 सितंबर 2016 में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर जिन 1000 पाउंड एलबीएस एचई (लांग बॉक्स सर्विस हाई एक्सप्लोसिव) एयर ड्राप बमों को गिराया गया था, वह मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में ही बने थे। ओएफके में 1000 पाउंड एयर ड्राप बम बनाने का काम करीब 12 वर्ष से किया जा रहा है। इस बम की कुल लंबाई पांच फीट और वजन लगभग 500 किग्रा होता है। इस विध्वंसक बम का खोल 250 किग्रा धातु (टंगस्टन, जस्ता आदि) से बना होता है। इसके अंदर 250 किग्रा. वजन का आरडीएक्स, टीएनटी और केमिकल मिश्रण भरा रहता है।




# डिजिटल इम्प्लांटोलॉजी सटीक योजना से सफलता तक दंत चिकित्सा का नया भविष्य

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा के तत्वावधान में हितकारिणी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी पीरियोडॉन्टिक्स एंड इम्प्लांटोलॉजी और प्रॉस्थोडॉन्टिक्स एंड क्राउन एंड ब्रिज विभागों द्वारा शुक्रवार को डिजिटल इम्प्लांटोलॉजी की नवीन तकनीकें विषय पर एक व्याख्यान और कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. अर्पित बिंदाथे जिन्होंने डिजिटल इम्प्लांटोलॉजी की सटीक योजना और गाइडेड इम्प्लांटप्लेसमेंट जैसे विषयों पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यशाला में लाइव डेमोंस्ट्रेशन



और हैंड्स.ऑन प्रैक्टिस के माध्यम से छात्रों को आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव मिला। यह आयोजन स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के निदेशक डॉ. राजेश बी धीरावानी और अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा द्वारा किया गया। जबकि विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहा मंत्री, डॉ. संयोग पाठक ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. वर्षा पवार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# जबलपुर से होकर गुजरेगी उधना समस्तीपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेन

## पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर होगा ठहराव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना-समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 05-05 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 03 से 31 मई तक प्रत्येक शनिवार को उधना स्टेशन से रात 08.35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06.05 बजे, जबलपुर 09.20 बजे, कटनी 10.45 बजे, सतना 12.25 बजे पहुंचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सोमवार 02.35 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 मई से 02 जून तक प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर स्टेशन से प्रातः 05 बजे प्रस्थान कर, सतना 07.10 बजे, कटनी रात 10 बजे, अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 12.05 बजे, इटारसी 03.35 बजे पहुंचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए मंगलवार दोपहर 02 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी।



***उधना-जयनगर के बीच भी समर स्पेशल ट्रेन***- इसी प्रकार उधना-जयनगर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 04-04 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 09067 उधना-जयनगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 04 से 25 मई तक प्रत्येक रविवार को उधना स्टेशन से दोपहर 12.20 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी रात 10.25 बजे, पहुंचकर, अगले दिन जबलपुर मध्य रात्रि 01.25 बजे, कटनी 02.55 बजे, सतना 04.25 बजे, पहुंचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए सोमवार रात 10.बजे जयनगर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09068 जयनगर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 05 से 26 मई तक प्रत्येक सोमवार को जयनगर स्टेशन से रात्रि 11.50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 07.15 बजे, कटनी रात 08.55 बजे, जबलपुर 10.10 बजे, पहुंचकर, इटारसी 01.50 बजे ,अन्य स्टेशनों से होते हुए मंगलवार दोपहर 02बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी।

## मोबाइल झपटकर फरार हुए बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ओमती थाने में शाम को 25 वर्षीय आयुष सिवलानी निवासी रसल चौक अरिहंत पैलेस होटल के पास ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह भंवरताल गार्डन के तरफ से पैदल अपने घर तरफ आते समय वह अपने वन प्लस कम्पनी के मोबाइल से बात करते हुये आ रहा था। जैसे ही टू वैल्यू कार बाजार के पास पहुंचा तभी काले रंग की स्कूटी में 2 अज्ञात व्यक्ति आये और उसका मोबाइल छीनकर भाग गये। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार ने पीछे से मारी टक्कर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मदनमहल थाने में 35 वर्षीय हेमंत सिंह राजपूत निवासी ग्राम छीतापाल थाना मझौली वर्तमान पता फेस 4 स्टार सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह बेलखाडू शराब दुकान में मैनेजर का काम करता है। रात के समय अपनी बाइक से दोस्त रामलाल पटैल के साथ सिविक सेंटर से अपने घर स्टार सिटी माढ़ोताल जा रहे थे । जैसे ही डॉ अंकित सेठ की क्लीनिक के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रहा सफेद रंग की कार का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे वह एवं दोस्त रामलाल गिर गये और चोटें आ गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# जमीन कब्जाने हवलदार ने दी महिला को दम



## हनुमानताल थाने में पदस्थ हवलदार का वीडियो आया सामने

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हनुमान ताल थाने में पदस्थ हवलदार के एक महिला से धक्का मुक्की से जुड़े वायरल वीडियो की शिकायत पुलिस कप्तान तक पहुंची है। पुलिस कप्तान ने वीडियो की जांच के आदेश भी दिए हैं। वीडियो में कांस्टेबल जमीन के कब्जे को लेकर एक महिला से हाथापाई करता नजर आ रहा है। मामले की शिकायत पीड़ितों ने थाने और एसपी ऑफिस में दे दी है। पीड़िता के अनुसार मनीष सोनकर नाम का हवलदार हनुमान ताल थाने में पदस्थ है और उनके पैतृक जमीन पर नजर गड़ाए हुए है। बार-बार वह जमीन बहुत कम मूल्य में खरीदने की मांग करता है और किसी और को जमीन बेचने भी नहीं दे रहा है ।

***महिलाओं से की धक्का-मुक्की***- इसी बात के चलते पिछले दिनों महिला की पैतृक जमीन पर पहुंच गया और हंगामा करने लगा जहां पर महिलाओं ने उसे समझाया कि वह इस प्रकार का कार्य उनकी जमीन पर ना करें जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मनीष ने महिलाओं के साथ धक्का मुक्की कर दी। पीड़ितों ने थाने में हवलदार मनीष सोनकर के खिलाफ शिकायत दे दी है और एसपी ऑफिस में भी मामले की शिकायत दी जा चुकी है वहीं दूसरी तरफ मामले को लेकर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय का कहना है कि मामला संज्ञान में है वीडियो की पुष्टि करते हुए जो भी आरोपी होगा उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## न्यू कटनी जंक्शन पहुंचा सबसे शक्तिशाली ईफ-12-के इंजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत में रेल के माध्यम से माल ढुलाई के क्षेत्र में जबलपुर रेल मंडल के न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) का विशेष महत्व है क्योंकि यहां विद्युत एवं डीजल लोको शेड द्वारा बड़े पैमाने पर फ्रेट लोको का अनुरक्षण कर ट्रैफिक को प्रदान किया जाता है। वर्तमान मे विद्युत लोको शेड एनकेजे को 11 तथा डीजल लोको शेड को 27 ईफ-12-के विद्युत लोकोमोटिव्स आवंटित किए गए हैं, जिनमें से अभी तक 9 लोको कमीशन कर दिए गए हैं। इस लोकोमोटिव का निर्माण चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स चितरंजन में किया जा रहा है। ईफ-12-के लोकोमोटिव वैग-9 का एक उन्नत संस्करण है जिसे 12,000 हॉर्स पावर के साथ विकसित किया गया है जो भारी माल ढुलाई के लिए बना है। इसका दोहरे-खंड वाला डिज़ाइन इसे मल्टी-मोड कॉन्फ़िगरेशन में संचालित करने की अनुमति देता है, जिससे विशेष रूप से पहाड़ी इलाकों में अतिरिक्त बैंकर लोकोमोटिव की आवश्यकता कम हो जाती है। इससे न केवल दक्षता बढ़ती है बल्कि ट्रेन संचालन भी सरल होता है और टर्नअराउंड समय भी कम लगता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि इसे पहले वैग-9 ट्विन्स के नाम से जाना जाता था।

## अनन्या गुहा का सुयश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आईसीएससी बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में शांतिनगर सेंट जेवियर्स स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा अनन्या गुहा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया। निजी कंपनी में कार्यरत अरिजीत और शिक्षिका अर्चना गुहा की बेटी अनन्या का सपना डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय चाचा अभिषेक घोष, दादी छाया घोष, कोचिंग टीचर अमित वर्मा सहित शाला के टीचर्स और प्रिंसपल को दिया।



# अज्ञात वाहन ने ली कार सवार युवक की जान

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

सिहोरा थाना क्षेत्र के ग्राम महगवां मोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार सवार युवक की मौत हो गई । घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक प्रदीप शुक्ला पिता राम मूरत शुक्ला उम्र 28 वर्ष निवासी जमोडी थाना कुलगवां जिला सतना एग्रीकल्चर कंपनी के मैनेजर का काम करता था। सप्ताह में एक-दो दिन उसका जबलपुर आना जाना रहता था। गुरुवार रात्रि में जबलपुर जाते समय महगवां मोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी कार पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में उनकी मौके पर



ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को यह जानकारी दी । पुलिस शव का पीएम करवा कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी गई है।

## शौच के लिए गए बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर थाने में ग्राम धनगंवा में एक व्यक्ति द्वारा फासी लगाने की सूचना पर देसहाई माता मंदिर के पास आलोक गोलछा के खेत के पास धनगंवा पहुंची पुलिस को 29 वर्षीय परमलाल कोल निवासी ग्राम धनगंवा ने बताया कि वह मजदूरी करता है । रात के समय उसके पिता 62 वर्षीय पईया कोल डब्बा लेकर शौच करने के लिये गये थे । वह घर में सो गया था । उसने सोचा कि पिताजी वापस आकर सो गये होगें। सुबह जब वापस नहीं आए तो उसने आसपास देखा। जहां पर खेत में बेल के पेड़ से स्वयं का गमछा में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मामले को जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों के मद्देनजर अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 5 मई को रिवझा और पवई के प्रस्तोवित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एडीशनल एसपी आनंद कलादगी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मझौली के पास स्थित रिवझा और पाटन विकासखंड के उड़ना के पास स्थित पवई में आयोजित कार्यक्रमों की व्यवस्थाटओं के साथ हेलीपेड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त आयोजित कार्यक्रमों की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि रिवझा और पवई दोनों जगह भागवत कथा का आयोजन होना है।

# 15 विषयों का कांबिनेशन कोर्स शुरू करेगा रादुविवि

## बैठक में रखा गया प्रस्ताव, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र 2025-26 से एनईपी 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान विषय में 15 कांबिनेशन कोर्स शुरू किए जाएंगे। दरअसल गुरुवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में विज्ञान विषय के 11 नए



रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं विगत सत्र से संचालित चार पाठ्यक्रमों कुल मिलाकर 15 पाठ्यक्रमों का संयोजन प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित किया है। इसमें बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, जूलाजी, बाटनी, फार्मास्युटिकल कैमिस्ट्री, कैमिस्ट्री, फारेंसिक साइंस, इलेक्ट्रानिक्स, फिजिक्स, कम्प्यूटर साइंस, इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी एवं गणित विषय के साथ आरंभ किया जाना प्रस्तावित है। रादुविवि के आईक्यूएसी में हुई बैठक में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि सभी विषय महाकौशल क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश एवं देश के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। इन सभी विषयों में व्यापक स्तर पर शोध कार्य का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञों को पाठ्यक्रम एवं करियर के संबंध में मार्गदर्शन हेतु समय-समय पर आमंत्रित किया जाएगा।

***पैरामेडिकल पाठयक्रम भी होगा शुरु***- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन ने पैरामेडिकल पाठयक्रम को शुरू करने का निर्णय लिया है। यह पाठयक्रम स्वास्थ्य चिकित्सा से जुड़े लैब टैक्नीशियन बनने में मददगार होंगे। डिप्लोमा और डिग्री आधारित डीएमएलटी व बीएमएलटी पाठयक्रम 2 व 3 वर्षीय होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पैरामेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन के लिए फाइल जमा कर दी गई है। वहीं प्रायोगिक आदि की सुविधाएं शासकीय एल्गिन अस्पताल के माध्यम से संचालित की जाएंगी जिसके साथ पहले से ही विश्वविद्यालय का अनुबंध संचालित है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने डिप्लोमा इन लेब टैक्नीशियन एवं बैचलर आफ लैब टैक्नीशियन के लिए 50-50 सीटों का निर्धारण किया है। यदि अनुमति मिल जाती है तो इसी सत्र से इसकी शुरुआत कर दी जाएगी।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**